
www.tamsasanket.com
वर्षः 06 || अंक 104 || लखनऊ
मंगलवार
14 जुलाई 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदयः 05:21
सूर्यास्तः 07:03
अधिकतमः 37°00
न्यूनतमः 27°00



पेज 07 >>

विशेष समाचार | इतिहास की भूलों का परिमार्जन... >> पेज 04 | कथावाचक अभिनव अरेड़ा की... >> पेज 06 | जुरासिक पार्क एक्टर सैम नील का...

## राजनाथ-योगी के साथ लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया

# मेरी जेब में ₹15 लाख करोड़ : नितिन गडकरी

### मैं खर्च नहीं कर पा रहा हूं... जितना मांगना है, मांगिए... मैं पूरा करके दूंगा



**उद्घाटन**

तमसा संकेत, एजेंसी

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार शाम 4 बजे उन्नाव में लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। सीएम योगी और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी साथ रहे। सभी उन्नाव हेलिकॉप्टर से पहुंचे थे।

इसके बाद सभी कार से एक्सप्रेस-वे से ही लखनऊ लौटे। यहां सरोजनीनगर में 3 प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान नितिन गडकरी ने कहा, हमारे हाईवे अमेरिका से भी अच्छे बनेंगे। मेरे विभाग में पैसे की कमी नहीं है। आप मांगते हुए थक जाएंगे, मैं देते हुए नहीं थकूंगा। 15 लाख करोड़ मेरी जेब में रखे हैं। तीन लाख 25 हजार करोड़ बजट है। मैं मुश्किल से साढ़े चार लाख करोड़ खर्च कर पा रहा हूं। वहीं, सीएम योगी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाओं पर सहमति दी है। ईस्ट को वेस्ट से जोड़ दिया गया है। अब नॉर्थ-साउथ को जोड़ने के लिए कुछ नए क्षेत्रों की पहचान की गई है। > (शेष पेज 06 पर)



राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी ने एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया।

■ उन्नाव में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया।

### यूपी में अमेरिका जैसे हाईवे बनेंगे

गडकरी ने कहा कि मैंने कहा था, यूपी में अमेरिका जैसे हाईवे बनेंगे। तब किसी ने विश्वास नहीं किया था, क्योंकि मुझे देखा नहीं था। तब एक सज्जन खड़े हुए और कहा कि आप गलत बोल रहे हो।

गडकरी ने कहा कि हमारे पास पैसे की कमी नहीं है। मैं देने से नहीं थकूंगा। मैं खर्च नहीं कर पा रहा हूं। जितना मांगना है, मांगिए। मैं पूरा करके दूंगा।

मेरी जेब में 15 लाख करोड़ मोनोटाइज करके रखे हैं। तीन लाख 25 हजार करोड़ बजट है। मैं मुश्किल से साढ़े चार लाख करोड़ खर्च कर पा रहा हूं।





### वाराणसी से कोलकाता का सफर होगा आसान

गडकरी ने कहा कि वाराणसी से कोलकाता के बीच 620 किमी का सफर आसान बनाने के लिए 22 हजार करोड़ खर्च कर काम चल रहा है। इसका 45% काम हो चुका है। जल्द ही इसका इनॉगरेशन करेंगे। इसके अलावा गाजीपुर-मांझीघाट-बलिया फोरलेन ग्रीनफील्ड हाईवे 5300 करोड़ की लागत से बनेगा। यह 135 किमी का है। इसका 92 फीसदी काम हो चुका है। इसी साल हम इसका इनॉगरेशन करेंगे।

### यूपी में 8 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बना रह

गडकरी ने कहा कि यूपी के विकास में रोड नेटवर्क बेहद अहम है। हम यूपी में एक लाख 23 हजार के 8 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कर रहे हैं। दिल्ली से मेरठ हमने बना दिया। पहले 4.30 घंटे लगते थे, अब 45 मिनट में लोग आ-जा रहे हैं। मेरठ के लोग मुझे मिले। कह रहे थे कि आइसक्रीम खाने दिल्ली जाते हैं। उन्होंने कहा कि बाराबंकी-बहराइच फोरलेन हाईवे को 7 हजार करोड़ रुपए में बनाया जाएगा। जल्द इसका काम शुरू होगा। कानपुर से भोपाल 6 लेन इकोनॉमिक कॉरिडोर बनेगा। 11500 करोड़ से कानपुर से कबरई तक 118 किमी का हाईवे बनेगा। इसके अलावा आगरा से ग्वालियर के बीच 6 लेन हाईवे 4600 करोड़ रुपए में बनेगा।

■ लखनऊ के किसान पथ पर सर्विस रोड बनेगी। कुछ जगह उतरेगी, कुछ जगह चढ़ेगी।
■ अयोध्या से गोंडा मार्ग पर 3400 करोड़ से बाईपास बनेगा।
■ आनंद नगर से महाराजगंज चौक तक 33 किमी के हाईवे पर 1750 करोड़ खर्च होंगे। ये भी इसी साल शुरू होगा।
■ पडरौना से तमकुहीराज बाईपास बनना इसी साल शुरू होगा। इस पर 1800 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
■ दादरी से लालकुंआ तक 6 लेन एलिवेटेड रोड पर 2300 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अक्टूबर- 2026 तक इसका टेंडर निकलेगा।
■ आगरा से अलीगढ़ 4 लेन ग्रीनफील्ड बनाया जाएगा। वाराणसी-कोलकाता के हाईवे पर 22 हजार करोड़ खर्च होगा।

## लखनऊ में रिटायर्ड एआरटीओ गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आगरा से रिटायर्ड सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) ललित कुमार को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान लखनऊ स्थित उनके आवास से 13 किलो सोना, 9 किलो चांदी, 1.62 करोड़ कैश समेत कई निवेश संबंधी दस्तावेज मिले थे।

13 जुलाई को उन्हें पूछताछ के लिए विजिलेंस ऑफिस बुलाया गया था। आय के स्रोत से जुड़े संतोषजनक दस्तावेज न देने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

सतर्कता अधिष्ठान के अनुसार आरोपी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। 7 और 8 जुलाई को लखनऊ के अलीगंज स्थित उनके आवास पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान घर से भारी मात्रा में नकदी, सोने-चांदी के बिस्किट, हीरे एवं अन्य कीमती आभूषण बरामद किए गए।

# आइईडी ब्लास्ट

## असम राइफल्स का जवान शहीद

**धमाका**

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** नगालैंड में शोखुवी-चुमौकेदिमा रोड पर संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED) धमाके में असम राइफल्स का एक जवान शहीद हो गया और चार अन्य घायल हो गए।

कोहिमा में डिफेंस पब्लिक रिलेशंस ऑफिसर (PRO) ने बताया कि धमाका सोमवार को नगालैंड के चुमौकेदिमा जिले में सुखोवी (शोखुवी) के पास हुआ। यहां असम राइफल्स का एक बड़ा ट्रेनिंग सेंटर है।

पहले से लगाए गए IED ने असम राइफल्स की गाड़ियों के काफिले को निशाना बनाया, जब सुरक्षाकर्मी रुटीन मूवमेंट के तहत उस इलाके से गुजर रहे थे। घायल चार जवानों को तुरंत वहां से निकालकर इलाज के लिए पास के मेडिकल सेंटर ले जाया गया। >>(शेष पेज 06 पर)



■ चार घायल, सुरक्षाकर्मी रुटीन मूवमेंट के तहत गुजर रहे थे, तभी गाड़ी उड़ाई

# ताहिर हुसैन दोषी करार

## दिल्ली हिंसाः आईबी अफसर अंकित शर्मा हत्याकांड में बड़ा फैसला

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 में हुए दिल्ली दंगों के दौरान IB अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में 6 साल बाद फैसला कर दिया है। कोर्ट ने पूर्व आम आदमी पार्टी (AAP) पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच आरोपियों को दोषी करार दिया है।

एडीशनल सेशन जज प्रवीण सिंह की अदालत ने 11 आरोपियों के खिलाफ चल रहे मामले में सोमवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने नाज़िम, काशिम, अनस, जावेद और ताहिर हुसैन को हत्या, अपहरण, दुश्मनी को बढ़ावा देने और दंगा करने का दोषी ठहराया। बाकी 6 आरोपी बरी कर दिए।

यह मामला दयालपुर थाने में अंकित शर्मा के पिता रविंदर कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया था। 25 फरवरी 2020 को अंकित शर्मा ऑफिस से घर लौटने के बाद दोबारा बाहर निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं आए। >> (शेष पेज 06 पर)



■ हिंसा वाली शाम ऑफिस से घर आने के बाद दोबारा बाहर गए थे अंकित शर्मा

### सीएए के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुआ था दंगा

23 फरवरी 2020 को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) विरोधी और समर्थक आमने-सामने आ गए थे। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से पथराव होने लगे थे। 26 फरवरी तक चले दंगों में 53 लोगों की जान गई और 250 से ज्यादा जख्मी हो गए थे। मरने वालों में 38 मुसलमान और 15 हिंदू थे। करीब 800 दुकानें जला दी गईं। 500 से ज्यादा घरों को आग के हवाले कर दिया गया था।

**फास्ट न्यूज**

### गुजरात में फैला चांदीपुरा वायरस

**गोधरा।** गुजरात में संक्रमण से एक महीने में अब तक 12 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से तीन बच्चे चांदीपुरा वायरस से संक्रमित थे। अन्य 9 बच्चों की मौत भी इसी वायरस से होने की आशंका है। हालांकि, इनकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है। संक्रमण के मामले गांधीनगर, साबरकांठा, खेड़ा, अरावली और पंचमहल जिलों में सामने आए हैं।

### लड़का-लड़की को भागने से सरकार कैसे रोकेगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने किशोर-किशोरियों के बीच सहमति से बने संबंधों में पॉक्सो (POCSO) कानून के कथित दुरुपयोग पर चिंता जताई है। अदालत ने सोमवार को कहा कि जब किसी लड़के और लड़की के बीच संबंध हो और वे साथ चले जाएं, तो हर मामले को स्वतः पॉक्सो का केस नहीं माना जा सकता। जस्टिस बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा- सरकार किसी लड़के और लड़की को साथ भागने से कैसे रोक सकता है? 15 से 18 साल की उम्र बेहद संवेदनशील और नई चीजें आजमाने की उम्र होती है। यह प्रयोग और भावनात्मक समझ विकसित होने का भी दौर होता है।

### टीटीई सब्जी की तरह खाली बर्थ बेचते हैं

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने ट्रेन में पैसे लेकर खाली बर्थ देने वाले TTE पर टिप्पणी की है। कोर्ट ने सोमवार को कहा कि TTE खाली बर्थ ऐसे बेचते हैं, जैसे बाजार में सब्जियां बिकती हैं। इसी वजह से ट्रेनों में नशीला पदार्थ खिलाकर लूट की घटनाएं होती हैं। जस्टिस राजशेखर मंथा और जस्टिस बिस्वरूप चौधरी की बेंच 2009 में तीस्ता-तोरसा एक्सप्रेस में हुई लूट और मौत के मामले में दो दोषियों की अपील पर सुनवाई कर रही थी।

# 7 दिन में फिर रफ्तार पकड़ेगा मानसून


### राजस्थान-गुजरात समेत कई राज्यों में कमजोर

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में बीते 3-4 दिनों में कमजोर पड़ा मानसून 20 जुलाई से फिर रफ्तार पकड़ेगा। सैटेलाइट इमेज में पूर्वी, मध्य और पूर्वोत्तर भारत के ऊपर घने बादल दिखाई दे रहे हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के कारण अगले कुछ दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी।

मौसम विभाग ने आज उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 18 राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।



वहीं उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राज्यों और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 6-7 दिनों तक कई जगह अच्छी से भारी बारिश होने का अनुमान है।

उत्तराखंड में लगातार बारिश के कारण कई जगह लैंडस्लाइड हुई है। 2 नेशनल हाईवे समेत 126 सड़कें बंद हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

# गो हत्या बैन के आदेश पर 'सुप्रीम' रोक

### कहा- इसमें सुधार की जरूरत ■ मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था- ये इस्लाम में जरूरी प्रथा नहीं

"बकरीद पर गाय की कुर्बानी इस्लाम में जरूरी धार्मिक प्रथा नहीं है। मुस्लिम समुदाय अपनी आस्था दिखाने के लिए सिर्फ गाय की कुर्बानी पर निर्भर नहीं है।"
■ मद्रास हाईकोर्ट

**आदेश**

■ तमिलनाडु में मुख्यमंत्री विजय अगुवाई वाली सरकार को गो-हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के गो-हत्या पर रोक लगाने वाले आदेश पर स्टे लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर स्टे लगाते हुए कहा कि इस आदेश में सुधार की जरूरत है।



तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु सरकार को बकरीद या किसी भी दिन राज्य में गाय-बछड़ों के वध पर रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस आदेश में सुधार की जरूरत है।

राज्य सरकार ने मद्रास हाईकोर्ट के 27 मई के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि जब कानून तय श्रेणी की गायों के वध की अनुमति देता है, और उसके लिए निर्धारित स्थान भी तय हैं, तब अदालत का ऐसा निर्देश कानून के प्रावधानों के विपरीत है। इसे कायम नहीं रखा जा सकता।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने आज इस मामले में नोटिस जारी किया और हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी।

### हाईकोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 48...

हाईकोर्ट ने कहा था कि संविधान का अनुच्छेद 48 राज्य सरकार को गाय, बछड़ों और दुधारू-पशुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का निर्देश देता है। कोर्ट ने तमिलनाडु एनिमल प्रिजर्वेशन एक्ट, 1958 की धारा-4 का उल्लेख किया।

इसमें कहा गया है कि 10 साल से ज्यादा उम्र और प्रजनन के अयोग्य पशु को ही प्रमाणपत्र मिलने के बाद काटा जा सकता है। अदालत ने कहा कि इस प्रावधान की सख्ती से व्याख्या होनी चाहिए।

कोर्ट ने कहा था कि अगर किसी पशु की कुर्बानी दी जाती है तो वह केवल निर्धारित जगहों पर ही होनी चाहिए। सार्वजनिक स्थानों या सड़कों पर ऐसा नहीं किया जा सकता। >> (शेष पेज 06 पर)

## शक्ति प्रदर्शनः भाजयुमो अध्यक्ष 500 गाड़ियों का काफिला लेकर लखनऊ पहुंचे

# तलवार लहराते दिखे युवा मोर्चा अध्यक्ष

तमसा संकेत, एजेंसी

**लखनऊ।** एक ओर प्रधानमंत्री ने मंत्रियों, विधायकों और जन प्रतिनिधियों और आम लोगों से राष्ट्रहित में ईंधन बचाने और काफिले में कम गाड़ियां लेकर चलने की अपील की है। दूसरी ओर भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा रविवार को सैकड़ों गाड़ियों के साथ हजरतगंज स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पदभार ग्रहण करने पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जियामऊ पेट्रोल पंप के पास सड़क पर उनके स्वागत के लिए टेंट लगाया।

कार्यकर्ताओं ने उन्हें तलवार और गदा भेंट किया। प्रदेश अध्यक्ष ने तलवार लहराई। लंबे काफिले के कारण रविवार होने के बाद भी 1090 से भाजपा मुख्यालय तक दोपहर में जाम लगा रहा।

रविवार को भाजपा मुख्यालय में उनका पदभार ग्रहण कार्यक्रम था। इसे लेकर सुबह से ही 1090 चौराहे से लेकर भाजपा मुख्यालय तक प्रदेश के अलग-अलग शहरों से कार्यकर्ता पहुंचे। बड़ी संख्या में वाहनों के आने से 1090 चौराहा, जिया मऊ, पार्क रोड, हजरतगंज चौराहा, धेनुमति अपार्टमेंट और आसपास के इलाकों में वाहनों की कतार लग गई।

दोपहर में गोल्फ क्लब चौराहे के पास कई गाड़ियां लेकर कार्यकर्ता पहुंचे और बेतरतीब गाड़ियां खड़ी कर रील बनाने लगे। नतीजतन, लोहिया पथ पर लंबा जाम लग गया। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों को यातायात सुचारू कराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। >>(शेष पेज 06 पर)



■ रोहित मिश्रा के काफिले से लखनऊ में लगा भीषण जाम
■ प्रधानमंत्री की ईंधन बचाने की अपील की अनदेखी की गई
■ कार्यकर्ताओं ने तलवार भेंट की, अध्यक्ष ने लहराई चलती गाड़ी से

# हिंदू-मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकराया

### काशी, मथुरा और संभल विवाद कहा- केस लड़कर फैसला चाहते हैं

**समाधान**

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूपी के तीन मंदिर-मस्जिद विवादों को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। ये विवाद वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह और संभल की शाही जामा मस्जिद से जुड़े हैं।

बार एंड बेंच के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए 'समाधान समारोह 2026' पहल के तहत लेटर भेजकर मध्यस्थता का प्रस्ताव दिया था और दोनों पक्षों से सहमति मांगी थी। किसी भी पक्ष ने इसके लिए सहमति नहीं दी। कोर्ट ने यह लेटर कब भेजा था, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

दोनों पक्षों ने कहा है कि वे अदालत में ही केस लड़कर फैसला चाहते हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट परिसर में 21 से 23 अगस्त तक 'समाधान समारोह' के तहत विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य लंबी कानूनी लड़ाई के बजाय बातचीत के जरिए हल निकालना है।

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर विवाद है। >> (शेष पेज 06 पर)



■ सुप्रीम कोर्ट परिसर में 21 से 23 अगस्त तक 'समाधान समारोह' के तहत विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी

# ‘मिसाइल सीधे आतंकवादी की खटिया में लगेगी’

## डिप्टी सीएम बोले- लखनऊ ब्रह्मोस भी बना रहा, पड़ोसी को उल्टा बयाना मिलेगा

**टिप्पडी**

तमसा संकते, एजेंसी

लखनऊ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सोमवार को लखनऊ में कहा है कि लखनऊ के लिए पहले कहा जाता था कि मुस्कुराइए आप लखनऊ में हैं। अब यहां रक्षामंत्री की वजह से मिसाइलें बन रही हैं। अब अगर पड़ोसी गड़बड़ करेगा तो उसे मुस्कुराने का जरूरत नहीं है। उसे उल्टा बयाना मिल सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल से निशाना लगाने की भी जरूरत नहीं। सीधे कंप्यूटर से निशाना लगता है। बस कंप्यूटर से सेट कर देंगे कि आतंकवादी वहां सो रहा है। उसके कमरे में घुसते हुए सीधे खटिया में मिसाइल लग जाएगी। डिप्टी सीएम ने यह बात सोमवार को KGMU के 22वें दीक्षांत समारोह में कही। समारोह में







कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने मेधावियों को 54 मेडल और 1701 लोगों को डिग्रियां दीं। इनमें 975 छात्र और 726 छात्राएं हैं। अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह हैं। समारोह को स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा- किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी नाम से लोग सोचते होंगे कि इसे किंग जॉर्ज ने बनाया था। आपको बता दूं कि इसे बनाने में किंग जॉर्ज ने चवन्नी नहीं दी थी। दीक्षांत समारोह में नीति आयोग के सदस्य डॉ. एम श्रीनिवास को चिकित्सा प्रशासन और स्वास्थ्य नीति के राजनाथ सिंह ने कहा- आप विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति प्रोफेसर डॉ. सरोज यादव गौड़ से प्रेरणा ले सकते हैं। उन्होंने 79 वर्ष की आयु में भी पीएचडी में प्रवेश लेकर यह संदेश दिया कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। नई चीजों को सीखने की जिज्ञासा ही व्यक्ति को निरंतर बेहतर बनाती है। मैं आज के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी उल्लेख करना चाहूंगा। आज शायद ही कोई क्षेत्र इससे अछूता हो और चिकित्सा क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं है। लेकिन याद रखिए—आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किसी मां को यह भरोसा नहीं दे सकता कि उसका बच्चा अवश्य ठीक हो जाएगा। वह किसी बुजुर्ग का हाथ पकड़कर उसे भावनात्मक सहारा नहीं दे सकता। तकनीक बुद्धिमान (Intelligent) हो सकती है, लेकिन उसमें करुणा (Compassion) नहीं हो सकती। मशीनें चिकित्सा में सहायता कर सकती हैं, लेकिन वे मरीज के मन का दर्द नहीं समझ सकतीं। इसलिए आपको तकनीक के साथ-साथ संवेदनशीलता (Empathy) और करुणा (Compassion) को भी अपने व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा।

### बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी त्रिपाठी को मिल्क बैंक के लिए अवार्ड

KGMU की बाल रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर शालिनी त्रिपाठी को NICU में मिल्क बैंक रन करने के लिए फैकल्टी अप्रिसिएशन अवार्ड मिला है। डॉ. शालिनी त्रिपाठी ने बताया- NICU में हम लोग मिल्क बैंक चला रहे हैं। इसमें मांओं से दूध डोनेट कराकर पाश्चुराइज करके उसे प्रीमैच्योर नजवात शिशुओं को देते हैं। इससे शिशुओं की जान बचाई जा रही है। इसके अलावा हमारा स्टेट न्यू बॉर्न चाइल्ड सेंटर है, वह पूरे स्टेट के लिए सभी गाइडलाइंस के साथ चल रहा है।

### चांसलर मेडल पाने वाले डॉक्टर बोले- फैमिली से सम्मान मिला

चांसलर मेडल पाने वाले डॉक्टर ऋषि सेठी (HOD कॉर्डियोलॉजी) ने कहा- यह मेडल इसलिए स्पेशल है क्योंकि हम यहीं पढ़े और अब यहीं सेवा दे रहे हैं। इस तरह से यह हमारा परिवार हुआ। आज इसी फैमिली से सम्मान मिला है। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा- पिछले 15 से 20 दिन में करीब 10 दीक्षांत समारोह में रही हूं। डिजिलॉकर में डिग्री-मार्कशीट अपलोड होती है। इसे डाउनलोड करने वालों की संख्या काफी कम है।

# भगवान जगन्नाथ के रथ को थाईलैंड के फूलों से सजाएंगे

## इस्कॉन की यात्रा में 50 हजार लोग खींचेगे रथ, राजाजीपुरम में 256 तरह के प्रसाद बंटेंगे

तमसा संकते, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में भगवान जगन्नाथ के रथ को थाईलैंड के फूलों से सजाने की तैयारी है। 25-25 फीट ऊंचे रथ होंगे। रथ खींचने वाले श्रद्धालुओं को 256 तरह के प्रसाद बांटे जाएंगे। विंटेज कारों पर झांकियां निकाली जाएंगी। ये सब दृश्य राजधानी के अलग-अलग मंदिरों से 16 जुलाई को निकाली जाने वाली जगन्नाथ रथयात्रा में दिखाई देंगे। जगन्नाथ रथयात्रा में श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ को खींचने का सौभाग्य मिलेगा। चारबाग, डालीगंज, राजाजीपुरम, अलीगंज, चौक आदि की रथयात्रा प्रमुख यात्राओं में गिनी जाती हैं। इस्कॉन मंदिर का रथ करीब 25 फीट ऊंचा होगा। अलीगंज का रथ भी लगभग 25 फीट ऊंचा रहेगा। चौक क्षेत्र में निकलने वाले रथ की ऊंचाई



**लखनऊ में 16 जुलाई को भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी।**

करीब 9 फीट, माधव मंदिर के रथ की ऊंचाई 15 से 20 फीट के बीच रहेगी, जबकि राजाजीपुरम के रथ की ऊंचाई करीब 12 फीट होगी श्री राधा माधव सेवा संस्थान के प्रवक्ता अनुराग साहू बताते हैं- रथयात्रा 16 जुलाई को श्री माधव मंदिर, डालीगंज से निकाली जाएगी। शाम 4 बजे आरती के बाद भगवान जगन्नाथ को रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा।

**फास्ट न्यूज**

### वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों का हंगामा

लखनऊ। लखनऊ में वी विन लिमिटेड कंपनी के 250 से अधिक कर्मचारियों ने सोमवार को वेतन नहीं मिलने के विरोध में प्रदर्शन किया। कर्मचारी गोमतीनगर स्थित साइबर टावर कार्यालय से बाहर निकलकर नारेबाजी करने लगे। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से वेतन का भुगतान नहीं होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई, किराया और अन्य जरूरी भुगतान प्रभावित हो रहे हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

मोहनलालगंज। निगोहा पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार, 12 जुलाई 2026 को एक महिला ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी से अल्ताब अहमद पुत्र मुनीर अहमद उर्फ नन्हू, निवासी रामपुर गढ़ी जमुनी, थाना निगोहां, लखनऊ, फोन पर बात करता था। 10 जुलाई को सुबह करीब 10 बजे अल्ताब अहमद उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

### महिला ने पड़ोसन पर उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया

लखनऊ। लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में भाजपा का झंडा लगाने को लेकर हुए विवाद में एक महिला ने अपनी पड़ोसन के खिलाफ उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुरानी काशीराम कॉलोनी, हंसखेड़ा निवासी मीना द्विवेदी ने अपनी शिकायत में कहा है कि उनकी पड़ोसी हिमांशी यादव उन्हें लंबे समय से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रही हैं।

# सुंदर कांड के पाठ से बौखला उठी है भाजपा: संजय सिंह

## सुंदर कांड पर भाजपा की बौखलाहट और मंदिर में चंदा चोरी को लेकर संजय सिंह ने साधा तीखा निशाना

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए सुंदर कांड पाठ से पूरी भाजपा बौखला गई है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म पर अपना एकाधिकार समझने वाली भाजपा अब लोगों के पूजा-पाठ पर भी पहरा देना चाहती है। राम मंदिर निर्माण में हुई चंदा चोरी का मुद्दा उठाते हुए संजय सिंह ने स्पष्ट किया कि 'सुंदर कांड' तो अभी शुरुआत है, आने वाले 'लंका कांड' से भाजपा की नींव हिल जाएगी। संजय सिंह ने कहा कि कल आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल के साथ मिलकर सुंदर कांड का पाठ किया, जिसे देखकर पूरी भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों से लेकर प्रवक्ताओं तक, सभी सोशल मीडिया पर खुलेआम गालियां देने पर उतारू हो गए हैं। संजय सिंह ने सवाल किया कि आखिर सुंदर कांड का पाठ करने से भाजपा को इतनी तकलीफ क्यों हो रही है और उन्हें गालियां देने की नौबत क्यों आ गई? सांसद संजय सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि अगर यही हालात रहे, तो देश के करोड़ों हिंदुओं को अपने घर में पूजा-पाठ, रामायण और गीता पढ़ने के लिए भी भाजपा की परमिशन लेनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग अब घर-घर घुसकर देखेंगे कि कौन क्या पढ़ रहा है। संजय सिंह ने पूछा कि भाजपा को हिंदू धर्म का टेंडर कब मिला और वे खुद को धर्म का ठेकेदार कैसे मान बैठे हैं? क्या अब मंदिर जाने के लिए भी इनसे अनुमति मांगनी होगी? प्रभु श्री राम के मंदिर में करोड़ों की चंदा चोरी पर चुप थी भाजपा, सुंदरकाण्ड पर गलियाँ देने को उतारू: संजय सिंह संजय सिंह ने कहा कि जब प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण के नाम पर करोड़ों का घोटाला और चंदा चोरी की गई, तब ये भाजपाई चुपचाप तमाशा देख रहे थे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने सुंदर कांड का पाठ चंदा चोरों के खिलाफ कार्रवाई की प्रार्थना करने और बजरंग बली का आशीर्वाद लेने के लिए किया है।

## अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शिकायतें निस्तारित करने के निर्देश

# जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने सुनीं फरियादें

तमसा संकते, एजेंसी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास 5-कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने एक-एक फरियादी से संवाद कर उनकी शिकायतों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त होने वाली शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाए और जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता हो, उनमें बिना विलंब निर्णय लिया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण की प्रगति पर लगातार निगरानी रखी जाए, ताकि लोगों को समय पर न्याय और राहत मिल सके।

### हर शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई के निर्देश

जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कराते हुए पात्र लोगों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का समाधान पारदर्शी एवं संवेदनशील तरीके से किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिकारियों को जनसेवा की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान प्रशासन की जवाबदेही का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# अखिलेश का आरोप : भाजपा राज में पुलिस पीडीए समाज पर कर रही अत्याचार

## बलिया में दलित युवक की मौत और मेरठ की घटना का किया जिक्र

तमसा संकेत, संवाददाता



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में पुलिस पीडीए समाज पर लगातार अत्याचार कर रही है। बलिया जिले में थाने में पुलिस की पिटाई से दलित युवक की मौत अत्यंत शर्मनाक है। भाजपा सरकार में गरीबों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। लोगों को तरह-तरह से अपमानित और प्रताड़ित किया जा रहा है। भाजपा राज में पुलिस बेलगाम है। पुलिस खुद अन्याय के सारे रिकार्ड तोड़ रही है। बलिया की घटना से पहले मेरठ में भी पुलिस का ऐसा ही व्यवहार सामने आया था। मेरठ में दलित समाज की बेटी ललिता गौतम के न्याय की आवाज उठाने पर पुलिस-प्रशासन ने पीड़ित परिवार सहित अन्य लोगों पर प्रहार और लाठी चार्ज किया। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के अहंकार में संवेदनहीन हो चुकी है। सरकार को गरीबों का दुःख-दर्द और पीड़ा दिखाई नहीं दे रही है। गरीबों और पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। श्री यादव ने कहा कि जब प्रदेश सरकार के प्रमुख ही सरेआम एक मृतक की मां के साथ असंवेदनशील होने का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे तो उनकी पुलिस से कोई उम्मीद करना बेमानी है। भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। भ्रष्टाचार चरम पर है। पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में उत्तर प्रदेश देश में सबसे ऊपर है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के अन्यायी शासन से त्रस्त है।

## जनता की समस्याओं पर सरकार संवेदनशील, मंत्री ए. के. शर्मा ने दिए तत्काल निस्तारण के निर्देश

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने आवास पर की जनसुनवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर जनसुनवाई कर विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्ता-पूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कई मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल, आवास, सफाई, विद्युत बिल संशोधन, अतिक्रमण हटाने, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य जनसमस्याओं से जुड़े अनेक प्रकरण सामने आए। मंत्री श्री शर्मा ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बात की तथा सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस पर मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उनका किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में बेहतर एवं समुचित उपचार सुनिश्चित कराने को कहा।



**पेयजल को लेकर मंत्री श्री शर्मा ने नगर आयुक्त को दिए समाधान के निर्देश**



> जनसुनवाई के दौरान मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनसेवा और सुशासन के संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता और निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए तथा किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जनता की संतुष्टि ही सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए।


**विवाद :** सचिव का आरोप- 50-60 लोगों ने मारपीट की और चेन लूट ली

# मेंटेनेंस विवाद पर सोसाइटी मीटिंग में हंगामा

तमसा संकते, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के चिनहट स्थित श्री मोहन अपार्टमेंट में मेंटेनेंस विवाद को लेकर आयोजित सोसाइटी की बैठक के दौरान जमकर हंगामा हुआ। सोसाइटी सचिव का आरोप है कि पुनीत मोटर्स से जुड़े 50 से 60 लोग जबरन मीटिंग हॉल में घुस आए। उन्होंने गाली-गलौज करने के बाद मारपीट की और तोड़फोड़ भी की। सचिव का यह भी आरोप है कि हमले के दौरान उनके गले से सोने की चेन और लॉकेट लूट लिया गया और पुलिस की मौजूदगी में उन्हें अगवा करने का भी प्रयास किया गया। मामले में सोमवार को चिनहट थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। सोसाइटी सचिव अभिषेक मणि त्रिपाठी के अनुसार





रविवार सुबह करीब 10:30 बजे बेसमेंट स्थित सोसाइटी कार्यालय में पूर्व निर्धारित बैठक चल रही थी। बैठक में फ्लैट सी-223 पर वर्षों से बकाया मेंटेनेंस का मुद्दा भी शामिल था। आरोप है कि संबंधित फ्लैट पुनीत मोटर्स के नाम पर है और वहां कंपनी के कर्मचारी रहते हैं। वर्ष 2018-19 से मेंटेनेंस की मांग के बावजूद भुगतान नहीं किया गया।

### तोड़फोड़, मारपीट और चेन लूटने का आरोप

सोसाइटी सचिव का आरोप है कि मेंटेनेंस और एनओसी को लेकर सवाल पूछने पर हमलावरों ने कार्यालय में तोड़फोड़ शुरू कर दी और पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ मारपीट की। सचिव का कहना है कि इसी दौरान उनके गले से सोने की चेन और लॉकेट छीन लिया गया। तहरीर में कहा गया है कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इसके बावजूद सचिव के साथ मारपीट करते हुए उन्हें जबरन ले जाने की कोशिश की गई। अन्य सोसाइटी सदस्यों के पहुंचने पर आरोपी वहां से भाग निकले।

### ‘हमारे लोग आएंगे, वही फैसला करेंगे’

तहरीर के मुताबिक, पहले फ्लैट से तीन कर्मचारी बैठक में पहुंचे। इनमें से एक ने खुद को कंपनी का अकाउंटेंट बताते हुए कहा- हमारे लोग आएंगे, वही फैसला करेंगे। कुछ देर बाद एचआर मैनेजर प्रभु तिवारी कथित तौर पर 50-60 लोगों के साथ मीटिंग हॉल में पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान एक व्यक्ति ने खुद को कंपनी का सीईओ मनीष तिवारी बताया। सोसाइटी सचिव का दावा है कि पूरी घटना अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है। इसके अलावा मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के कैमरे और मोबाइल फोन में भी घटना के वीडियो होने की बात कही गई है। पुलिस से इन साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# मतदाता सूची में सुधार और नए वोटरों के पंजीकरण को लेकर सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## फार्म-6 की प्रक्रिया आसान बनाने और मतदाता सूची की त्रुटियां दूर करने की मांग

तमसा संकेत, संवाददाता

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ को ज्ञापन देकर मांग की है कि 1987 के बाद जन्मे व्यक्ति को नये मतदाता बनाने हेतु फार्म-6 भरते वक्त घोषणा पत्र में अपने सम्बन्धी (माता-पिता-दादा-दादी, नाना-नानी में से किसी एक) का विवरण भरने के लिए 10 अप्रैल 2026 प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची को आधार बना कर उसे पिछला एसआईआर मान्य किया जाए जिससे कि नये मतदाता बनाने में सुगमता हो सके। जनपद फतेहपुर, जनपद सिद्धार्थनगर तथा जनपद आगरा व आगरा खण्ड शिक्षक निर्वाचन वर्ष 2026 सम्बन्धी उपरोक्त शिकायतों को तत्तकाल संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही की जाये जिससे विधान सभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2027 स्वतंत्र, निर्भीक, निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके। ज्ञापन में कहा गया कि 1987 के बाद जन्मे व्यक्ति को नये मतदाता बनाने हेतु फार्म- 6 भरते वक्त घोषणा पत्र में अपने सम्बन्धी (माता-पिता-दादा-दादी, नाना-नानी में से किसी एक) पिछले एसआईआर (2003) में मतदाता की जानकारी देने होती है। इससे बडी कठिनाई आ रही है। अतः जिनके भी नाम 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में सम्मिलित किये गये हैं, उसे पिछले एसआईआर को मान्य किया जाए जिससे नये मतदाता बनाने में सुगमता हो सके। जनपद फतेहपुर 239-बिन्दकी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र पोलिंग बूथ संख्या 138 में मतदाता क्रम संख्या 525 व 531 में मतदाता योगेन्द्र पुत्र रामखेलावन उम्र 34 वर्ष 2 बार दर्ज है। पोलिंग बूथ संख्या 140 में मतदाता क्रम संख्या 791 व 847 में मतदाता शुभी देवी पुत्री उमेश का नाम 2 बार दर्ज है। पोलिंग बूथ संख्या 143 व 144 में मतदाता क्रम संख्या 528 व 543 पर आशीष कुमार पुत्र दिनेश कुमार 2 बार दर्ज है। पोलिंग बूथ संख्या 146 में मतदाता क्रम संख्या 302 व 399 में मतदाता श्रीमती सुलेखा देवी पत्नी संन्त लाल का नाम 2 बार दर्ज है। जनपद आगरा 87-आगरा कैण्ट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पोलिंग बूथ संख्या 365 में गली मलखान, मलको गली व आपका मजार के मतदाताओं के लिए मतदान स्थल बनाया गया है। जबकि मतदान क्षेत्र से मतदेय स्थल की दूरी काफी अधिक है। उपरोक्त मतदान केन्द्र के 650 मतदाता जो कि गली मलखान, मलको गली व आपका मजार के निवासी है को महापालिका गर्ल्स हाईस्कूल चौक, थाना आगरा में मतदान केन्द्र बना दिया जाये तो मतदाता सुगमता पूर्वक मतदान कर सकेगें।

पहली पत्नी ने खींचकर निकाला ■ बोली- मैं तो मौसेरी बहन हूं हरदोई में घसीटते हुए थाने ले गई

# बेड के नीचे छिपी सौतन

घटना

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** यूपी के हरदोई में पति की दूसरी शादी की सूचना पहली पत्नी अचानक आ धमकी। पति के बेड के नीचे झांककर देखा तो दूसरी पत्नी छिपी हुई मिली। खींचकर बाहर निकाला तो खुद को मौसी की बेटी बताने लगी।

घटना रविवार दोपहर करीब 1 बजे की बताई जा रही है। जिसका एक वीडियो देर रात सामने आया है। वीडियो में पहली पत्नी, दूसरी पत्नी को घसीटकर घर से निकालते, कार में बैठाते और जबरन कोतवाली ले जाते दिख रही है। हालांकि इस दौरान दोनों का पति मौजूद नहीं था।



पुलिस ने पहली पत्नी की शिकायत पर पति को थाने बुलाकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पता चला कि पति और पहली पत्नी के बीच 4 साल पहले से ही गौतमबुद्धनगर की कोर्ट में पारिवारिक विवाद का मुकदमा चल रहा है। इसके बाद पुलिस ने उसे चालान करके छोड़ दिया।

युवक की पहली शादी करीब 7 साल पहले हुई थी। शादी के डेढ़ साल बाद से ही पहली पत्नी अपनी 6 साल की बेटी के साथ गौतमबुद्धनगर स्थित मायके में रह रही है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के आशानगर मोहल्ले की है।

### ऐसे पहली पत्नी ने किया दूसरी शादी का भंडाफोड़

आशा नगर में प्रशांत शर्मा रहता है। वह प्रशांत एक लोकल गुटखा फैक्ट्री में सेल्समैन है। उसकी शादी 19 मई, 2019 को गौतमबुद्धनगर के मल्लावां की रहने वाली दिशा शर्मा से हुई थी। दोनों की 6 साल की बेटी कनक है।

दिशा का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति प्रशांत, सास उषा शर्मा, ननद शिल्पी और ससुर रविंद्र मास्टर दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान करने लगे। धीरे-धीरे ऐसा रोज-रोज होने लगा। परेशान होकर शादी के करीब एक साल बाद दिशा बेटी कनक को लेकर गौतमबुद्ध नगर स्थित अपने मायके चली गई।



### 2022 में पति के खिलाफ केस दर्ज कराया

दिशा बताती है- मैंने 14 दिसंबर 2022 को गौतमबुद्ध नगर के महिला थाने में पति और ससुरालवालों के खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज कराया था। यह कोर्ट में विचाराधीन है। मुकदमे में उसने अपने ससुर रविंद्र मास्टर पर छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया था।

दिशा ने बताया- मुझे 11 जुलाई की सुबह पता चला कि मेरे पति प्रशांत ने चोरी-छिपे औरैया की रहने वाली एक महिला से दूसरी शादी कर ली है। इस पर मैं 11 जुलाई की शाम करीब 5 बजे अपने भाई सोनू, माता-पिता और बेटी के साथ ससुराल पहुंची। मैंने ससुरालवालों से पति की दूसरी शादी के बारे में पूछा, तो उन लोगों ने साफ इनकार कर दिया। इसके बाद मैं चोरी-छिपे अपने पड़ोसी के घर चली गई और वहां रुक गई।

सीडीओ ने जनकल्याणकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत पूर्ति करने को कहा

# हरदोई जून रैंकिंग में प्रदेश के शीर्ष 10 जिलों में

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) नेहा ब्याडवाल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक सोमवार, 13 जुलाई को विकास भवन में दोपहर 2 बजे आयोजित की गई।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जून माह की प्रगति के आधार पर हरदोई ने विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में प्रदेश के शीर्ष 10 जनपदों में स्थान प्राप्त किया है।

मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल ने इस उपलब्धि को सभी विभागों के समन्वित प्रयास, प्रभावी कार्ययोजना और नियमित अनुश्रवण का परिणाम बताया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रदर्शन को बनाए रखते हुए जुलाई माह के निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए।



■ मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश

सीडीओ ने सभी विभागों को लंबित प्रकरणों और जनशिकायतों का पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन का उद्देश्य केवल लक्ष्य पूरा करना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र और जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाना है।

इसके लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय और मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्रत्येक बिंदु की नियमित निगरानी आवश्यक है।

फास्ट न्यूज

### 'स्कूल चलो अभियान' का दूसरा चरण शुरू

**हरदोई।** हरदोई के हरियावां में सोमवार को 'स्कूल चलो अभियान' के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया। सुबह 10 बजे ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) हरियावां से शिक्षा रथ रैली को रवाना किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियावां की प्रधानाध्यापिका पंकज कुमारी और विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। शिक्षा रथ रैली क्षेत्र के विभिन्न गांवों और मजरों का भ्रमण करते हुए करीब ढाई घंटे बाद दोपहर 12:30 बजे बीआरसी हरियावां पहुंचकर संपन्न हुई।

### कांग्रेस सांसदों-विधायकों को पुलिस ने रोका

**मेरठ।** मेरठ में दलित छात्रा ललिता गौतम के परिजनों से मिलने जा रहे कांग्रेस सांसदों और विधायकों को सोमवार दोपहर 12 बजे पुलिस ने रोक दिया। काशी टोल प्लाजा पर 100 जवान तैनात कर दिए। इससे कांग्रेसी भड़क गए। नारेबाजी करने लगे। पुलिसकर्मियों से उनकी तीखी नोकझोंक हो गई। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने डेलीगेशन को टोल प्लाजा के कमरे में बैठा दिया। इस दौरान कांग्रेस डेलीगेशन पीड़ित परिवार से मिलने की जिद पर अड़ा रहा। एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले उन्हें कानून-व्यवस्था का हवाला देकर समझाने की कोशिश करते रहे। करीब 2 घंटे बाद कांग्रेसी कमरे से बाहर आए और हंगामा करते हुए 27 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन करने का ऐलान किया।

### बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे समीर वर्मा

**मेरठ।** मेरठ में अभिनय की ट्रेनिंग लेने वाले फिरोजाबाद के युवा अभिनेता समीर वर्मा अब बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। करीब 8 साल के संघर्ष, हजारों ऑडिशन और कई असफलताओं के बाद उन्हें पहली फिल्म मिली है।

उनकी फिल्म का फर्स्ट लुक 20 अक्टूबर 2026 को शाम 5 बजे रिलीज किया जाएगा। समीर ने एमबीए की पढ़ाई के बाद नौकरी का रास्ता छोड़कर अभिनय को अपना करियर बनाया।

# रालोद नेता आदित्य पंवार की हादसे में मौत

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विजय राणा की हालत गंभीर

तमसा संकेत, एजेंसी

**मेरठ।** मेरठ के खरखौदा थाना क्षेत्र में देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) पूर्व छात्र सभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष आदित्य पंवार(35) की मौत हो गई, जबकि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विजय सिंह राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए न्यूटिमा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, हादसे के समय कार में कुल तीन लोग सवार थे। देर रात हुए इस हादसे में आदित्य पंवार ने मौके पर ही अथवा अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीसरे घायल के संबंध में विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

आदित्य पंवार के निधन की खबर



■ प्रयागराज से मेरठ लौटते समय हुई घटना

से रालोद कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। पार्टी नेताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनके निधन को संगठन और छात्र राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उधर, विजय राणा का न्यूटिमा अस्पताल में इलाज जारी है। चिकित्सकों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। फिलहाल पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

मंदिर भूमि पर अवैध कब्जे ■ राजस्व आदेशों के उल्लंघन का आरोप

# 'मोदी राठौड़ युवा सेवा' का प्रदर्शन

उल्लंघन

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई में भूमि विवादों को लेकर 'मोदी राठौड़ युवा सेवा' ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन ने मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे और राजस्व विभाग के आदेशों की अवहेलना के मामलों में न्याय की मांग की। सोमवार को प्रदर्शन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला।

राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन मोदी के निर्देश पर कार्यकारिणी राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित राठौर की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं और पीड़ितों ने कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर एकत्र होकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की गुहार लगाई गई।



पहला मामला थाना बेनीगंज के ग्राम शहबादपुर से संबंधित है। यहाँ के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के पुजारी महंत मनोहरदास (पुत्र गिरधारी) ने आरोप लगाया है कि गांव के एक आरोपी ने मंदिर की भूमि पर अवैध रूप से दीवार खड़ी कर कब्जा कर लिया है। इससे ग्रामीणों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंची है। प्रदर्शनकारियों ने मंदिर की भूमि को तुरंत कब्जामुक्त कराने की मांग की।

दूसरा मामला थाना टड़ियावां के ग्राम जनसरी का है। पीड़ित हरिराम (पुत्र नेकराम) ने बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 24 के तहत उनके पक्ष में फैसला आया था। राजस्व टीम ने मौके पर दो बार खेत की मेढ़बंदी भी कराई, लेकिन विपक्षी ने दोनों बार मेढ़ तोड़ दी। हरिराम ने आरोप लगाया कि विरोध

■ आदेशों का उल्लंघन करने वाले दबंगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं हुई

करने पर भगवान बक्स सिंह ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट का प्रयास किया।

धरना प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी। सोनू राठौर ने कहा कि यदि मंदिर की भूमि को शीघ्र मुक्त नहीं कराया गया और राजस्व आदेशों का उल्लंघन करने वाले दबंगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस प्रदर्शन में सोमेंद्र राठौर, सोनू राठौर अमित राठौर, विनय राठौर, सचिन राठौर, धनपाल राठौर, अनुज राठौर, निरंकार राठौर, धीरज राठौर, ऋषि राठौर,

> धरना प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी। सोनू राठौर ने कहा कि यदि मंदिर की भूमि को शीघ्र मुक्त नहीं कराया गया और राजस्व आदेशों का उल्लंघन करने वाले दबंगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

राममूर्ति राठौर और अमर सिंह राठौर सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

टैम्पो-टैक्सी और ई-रिक्शा के लंबे रूट पर संचालन से कारोबार प्रभावित होने का आरोप

# निजी बस ऑपरेटरों का प्रदर्शन

आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई में निजी बस ऑपरेटरों ने अवैध रूप से चल रहे टैम्पो, टैक्सी और ई-रिक्शा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 'हरदोई प्राइवेट बस ऑपरेटर जनकल्याण एसोसिएशन' के पदाधिकारियों ने सोमवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि नियमों को ताक पर रखकर हाईवे और लंबे रूटों पर इन वाहनों का संचालन किया जा रहा है, जिससे निजी बसों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।

बस ऑपरेटर मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि अवैध रूप से चल रहे टैम्पो, टैक्सी और ई-रिक्शा शहर के अंदर से ही सवारियां बैठाते और उतारते हैं। इसके कारण रोडवेज



और निजी बसों को यात्री नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के साथ हुई बैठक में भी इस समस्या पर कार्रवाई का आश्वासन मिला था, लेकिन अभी तक प्रभावी रोक नहीं लग सकी है।

एसोसिएशन के पदाधिकारी अजहर अली ने आरोप लगाया कि कई बार इन वाहनों के चालक बसों के आगे से जबरन सवारियां उतार लेते हैं। विरोध करने पर विवाद और मारपीट की स्थिति बन जाती है। इससे बस चालक और परिचालक परेशान हैं।

एसोसिएशन के पदाधिकारी सर्वेश मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं, लेकिन हाईवे पर अवैध वाहनों का संचालन जारी है। उन्होंने कहा कि इन वाहनों को केवल निर्धारित परमिट क्षेत्र में ही चलने दिया जाए, ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

■ जिलाधिकारी के साथ हुई बैठक में भी इस समस्या पर कार्रवाई का आश्वासन मिला

### 16 किलोमीटर परमिट, लेकिन चल रहे 45 किलोमीटर तक

बस ऑपरेटरों ने बताया कि ऑटो और टैम्पो का परमिट क्षेत्र महज 16 किलोमीटर की सीमा तक होता है, लेकिन इसके बावजूद ये वाहन हरदोई-शाहबाद, हरदोई-पिहानी, चपरतला और हरदोई-कछौना जैसे मार्गों पर 40 से 45 किलोमीटर तक संचालित किए जा रहे हैं।

ज्ञापन देने वालों में मनोज कुमार मिश्रा, अजहर अली, रविंद्र कुमार बाजपेई, अरुण त्रिपाठी, अली हैदर मियां, सर्वेश मिश्रा, रामकुमार, मनोज कुमार और मोहम्मद अली सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

> एसोसिएशन के पदाधिकारी अजहर अली ने आरोप लगाया कि कई बार इन वाहनों के चालक बसों के आगे से जबरन सवारियां उतार लेते हैं। विरोध करने पर विवाद और मारपीट की स्थिति बन जाती है। इससे बस चालक और परिचालक परेशान हैं।

# सुशील मिश्रा शाहाबाद एसडीएम का तबादला

परियल, लेखपाल विवादों के बाद बरेली में मिली नई तैनाती

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार को हरदोई के शाहाबाद उपजिलाधिकारी (एसडीएम) सुशील कुमार मिश्रा का तबादला कर उन्हें बरेली में एसडीएम पद पर तैनात किया है। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद प्रशासनिक महकमे में दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा। अब शाहाबाद तहसील में नए एसडीएम की तैनाती का इंतजार है।

सुशील कुमार मिश्रा का शाहाबाद में कार्यकाल कई विवादों को लेकर चर्चा में रहा। परियल प्रकरण के दौरान उनके प्रशासनिक फैसलों को लेकर विवाद हुआ था, जिसकी चर्चा स्थानीय स्तर से लेकर प्रशासनिक हलकों तक रही। हाल ही में एक महिला लेखपाल के साथ हुए विवाद ने भी सुर्खियां बटोरी थीं और उनकी कार्यशैली को लेकर सवाल उठे थे।

हालांकि, शासन की ओर से जारी




■ तबादले के कारण पर शासन ने कुछ नहीं कहा

स्थानांतरण आदेश में तबादले का कोई विशेष कारण नहीं बताया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों का स्थानांतरण शासन की नियमित प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है।

लगातार विवादों के बीच हुए इस गैर जनपद तबादले को लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग इसे सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे हालिया घटनाक्रमों से जोड़कर देख रहे हैं।

पुलिस से बोली: हमें मम्मी-पापा और पति के साथ नहीं रहना ■ हमनें कोर्ट मैरिज कर ली

# ससुराल से दुल्हन को ले आई दोस्त

तमसा संकेत, एजेंसी

**मेरठ।** मेरठ में समलैंगिक विवाह का एक मामला सामने आया है। एक ही गांव की दो युवतियों के बीच बचपन से गहरा प्रेम संबंध था, जिन्होंने छिपकर कोर्ट मैरिज भी कर ली थी। जब परिजनों को इसकी भनक लगी, तो उन्होंने विरोध करते हुए 6 जुलाई को एक युवती की शादी गाजियाबाद के लोनी में करा दी।

शादी के महज कुछ दिन बाद ही नवविवाहिता ने अपनी सहेली को फोन कर साथ रहने की इच्छा जताई। इसके बाद दूसरी युवती तुरंत लोनी पहुंची और यूपी पुलिस की 112 हेल्पलाइन को सूचना देकर अपनी सहेली को उसकी ससुराल से वापस अपने साथ ले आई।

परिजनों और पुलिस के काफी समझाने का प्रयास भी किया। इसके बाद भी दोनों युवतियां एक-दूसरे के



साथ रहने की जिद पर अड़ी रहीं। उन्होंने कहा- हमें न तो मम्मी-पापा के साथ रहना है और न ही पति के साथ रहता है। मामला जानी थाना क्षेत्र का है।

जानी गांव में दोनों युवती एक ही मोहल्ले में रहती थीं और उनके घरों के बीच करीब 500 मीटर की दूरी है। दोनों के बीच बचपन से दोस्ती थी। दोनों ने साथ में बीए और एमए तक की पढ़ाई भी की है।

एक युवती (24) के पिता राजमिस्त्री का काम करते हैं। वहीं दूसरी युवती डॉली, जो लड़कों की तरह कपड़े पहनती है, उसके पिता का निधन हो चुका है। उसके परिवार में छह बहनें और दो भाई हैं। परिवार की तीन बेटियों की पहले से ही शादी हो चुकी है।

दोनों युवतियों के प्रेम संबंधों की भनक जब उनके परिवारों को लगी, तो परिवार ने इसका कड़ा विरोध किया। एक युवती के परिजनों ने उसकी 6 जुलाई को गाजियाबाद के लोनी निवासी एक युवक से उसकी शादी करा दी।

इसके बाद दोनों के घरवाले वहां थाने पहुंचे और दोनों लड़कियों से रिश्ता खत्म कर दिया और वापस मेरठ लौट आए थे। दोनों लड़कियां लोनी थाने से कहीं चली गईं। कहां गई किसी को नहीं पता।

वहीं परिजन भी उनसे संबंध समाप्त करने की बात कहकर वहां से लौट गए। इस संबंध में जब जानी थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई से बात की गई तो उन्होंने मामले की आधिकारिक जानकारी होने से साफ इनकार किया है।

### एक-दूसरे के साथ रहने की जिद पर अड़ी रहीं

काफी समझाने के बावजूद दोनों युवतियां एक-दूसरे के साथ रहने की जिद पर अड़ी रहीं और कहा कि हम लोगों ने एक साल पहले कोर्ट मैरिज कर रखी है। जिस युवती की शादी हो चुकी है उसने थाने में पुलिस के सामने कहा- अब हम दोनों साथ रहना चाहते हैं। न हमें मम्मी-पापा के साथ रहना है। न ही उस लड़के यानि अपनी ससुराल में रहना है। मैं अपनी सहेली के साथ रहना चाहती हूं।

### नवविवाहिता ने कहा- मैं पति के साथ नहीं रह सकती

परिजनों ने बताया- शादी के बाद शनिवार को नवविवाहिता ने अपनी सहेली को फोन कर कहा कि वह अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती। उसे अपनी सहेली के साथ रहना है। इसके बाद दूसरी युवती लोनी पहुंची और उसने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। उसने पुलिस से कहा- मेरी पत्नी को एक परिवार ने बंधक बना रखा है इसे छुड़वाना है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# राष्ट्रीय ऑनलाइन सिंगिंग प्रतियोगिता 'ट्यून बाज़-9' के विजेता घोषित

हरदोई की अपूर्वा और बाराबंकी की प्रकृति ने जीता खिताब

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** अंतर्ध्वनि जन कल्याण समिति की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन गायन प्रतियोगिता 'ट्यून बाज़' के नौवें सीजन के सभी वर्गों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। डिजिटल इंडिया अभियान की भावना के अनुरूप आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य देशभर की गायन प्रतिभाओं को ऑनलाइन मंच उपलब्ध कराना और उन्हें विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देना था।

आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 1 जून को हुआ था, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। फाइनल राउंड में सभी प्रतियोगियों को अर्धशास्त्रीय गायन का टास्क दिया गया। विजेताओं का चयन सभी चरणों में प्राप्त अंकों के आधार पर किया गया।



जूनियर वर्ग में हरदोई की अपूर्वा प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रामपुर की आरोही राजन दूसरे और हरदोई की हर्षाली अवस्थी तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, आराध्यम सक्सेना, शिवांश शुक्ला और ऋचीक अवस्थी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। सीनियर वर्ग में बाराबंकी की प्रकृति यादव ने पहला स्थान हासिल किया। हरदोई की अंशिका बाजपेई द्वितीय और पारस शुक्ला तृतीय स्थान पर रहीं।

मोस्ट सीनियर वर्ग में ग्वालियर के रवींद्र शेन्दे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निधि भलेरो दूसरे और मुजफ्फरपुर की रूपा सिन्हा तीसरे स्थान पर रहीं। इस वर्ग में अनमोल सिंह को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### प्रतिभा निखारना है प्रतियोगिता का उद्देश्य

प्रतियोगिता के निर्णायक संगीतकार एवं कंपोज़र सुमन मुखर्जी रहे। आयोजन का संयोजन अभिषेक द्विवेदी, गुलशन कुमार और शिवानी मिश्रा ने किया। आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने कहा कि अंतर्ध्वनि की ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य केवल विजेताओं का चयन करना नहीं, बल्कि प्रतिभागियों के व्यक्तित्व और कौशल का निरंतर विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों से मिली व्यापक भागीदारी इस प्रतियोगिता की बढ़ती लोकप्रियता और राष्ट्रीय स्तर पर इसकी स्वीकार्यता को दर्शाती है।

# सम्पादकीय

## प.एशिया में तनाव से फिर बढ़ी वैश्विक चिंता



पश्चिम एशिया में फिर तनाव बढ़ रहा है। पिछली 28 फरवरी से शुरु हुआ युद्ध अवांछित जान-माल के नुकसान के बाद बीते दिनों थमा तो दुनिया ने राहत की सांस ली थी। लेकिन 60 दिनों का युद्धविराम समाप्त होने के बाद एक बार फिर से अमेरिका और ईरान युद्ध के मुहाने पर हैं। हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच तीखी बयानबाजी का दौर तो चला ही, इसके अलावा शनिवार देर रात अमेरिका ने ईरान के ऊपर आरोप लगाया कि उसने साइप्रस के झंडे वाले एक जहाज पर हमला किया है। इसके बाद अमेरिका की तरफ से ईरान के करीब 140 ठिकानों पर हमला किया गया। इस हमले के बाद ईरान ने भी पलटवार किया और कुवैत, बहरीन समेत प.एशिया में मौजूद तमाम अमेरिकी ठिकानों और सैन्य उपकरणों के अड्डों को निशाना बनाया। इसके बाद ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स' आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका आगे हमला करता है, तो वह तगड़ा पलटवार करेगा। ईरान ने दावा किया है कि उसकी नौसेना ने एक ऐसे मालवाहक जहाज को चेतावनी दी थी जो उसकी ओर से तय किए गए सुरक्षित मार्ग की बजाय दूसरे रास्ते से गुजर रहा था। अमेरिका की तरफ से हुए हमले पर पलटवार करने के साथ ही एक बार फिर से ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को बंद कर दिया है।समय और कैलेंडर ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाग़र ग़ालिबाफ़ ने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि 'एकतरफ़ा समझौतों का दौर अब ख़त्म हो चुका है। हमने आपसे कहा था, अपनी बात पर कायम रहें, वरना अंजाम भुगतें। हक़ीकत अब सामने आ रही है।' उन्होंने अमेरिका के साथ हुए समझौते के पांचवें बिंदु का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है, जिसमें लिखा है कि समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद ईरान 60 दिनों तक बिना किसी कर वसूली के वाणिज्यिक जहाज़ों को फ़ारस की खाड़ी से ओमान की खाड़ी तक सुरक्षित निकालने देगा। अब ईरान ने कहा है कि अगले आदेश तक होर्मुज़ जलडमरूमध्य बंद रहेगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिका पर युद्धविराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान को डॉलर में कच्चा तेल बेचने की जो छूट दी थी, उसे अचानक ख़त्म कर दिया। अरागची ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'समझौते तभी चलते हैं जब दोनों पक्ष उसका पालन करें।' इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दावा किया कि ईरान उनकी हत्या की साजिश रच रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि यदि ईरान ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की तो अमेरिका तुरंत जवाब देगा। ट्रंप ने कहा, 'ईरान की ओर 1000 मिसाइलें तैयार हैं और जरूरत पड़ने पर हजारों और दागी जाएंगी। 'उन्होंने यह भी दोहराया कि अमेरिका युद्धविराम को समाप्त मानता है, लेकिन बातचीत का रास्ता पूरी तरह बंद नहीं किया गया है। इस तरह के बेतुके बयान ट्रंप शुरु से देते आए हैं। जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला बोला था, तब भी ईरान की तरफ से खतरा बताया गया था और उस पर परमाणु बम बनाने की साजिश का आरोप तो अमेरिका लगाता ही रहता है। जिस तरह ईरान पर हमले के नए-नए बहाने अमेरिका तलाशता है, उससे जाहिर है कि उसकी दिलचस्पी विश्वशांति में कतई नहीं है। बल्कि हथियारों का कारोबार फलता-फूलता रहा, युद्ध के कारण शेयर बाजार में उथल-पुथल जारी रहे और तेल की कीमतों में मुनाफाखोरी का मौका ट्रंप को मिले, यही असली दिलचस्पी है। पिछले हफ्ते जब दिवंगत नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के लिए शोकसभाएं हो रही थीं और उन्हें सुपुर्दे खाक करने की प्रक्रिया चल रही थी, तब भी ट्रंप ने अवांछित बयान दिया था कि वे चाहें तो एक साथ कई बड़े अधिकारियों को मार सकते हैं। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के हमलों में ही खामेनेई की उनके कई परिजनों के साथ हत्या कर दी गई थी। अमेरिका और इजरायल को मुगालता था कि खामेनेई को खत्म करके वे ईरान पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लेंगे, लेकिन ईरान पूरी मजबूती के साथ अमेरिका का मुकाबला करता रहा, जिसके बाद मजबूरन ट्रंप को समझौते के लिए राजी होना पड़ा। हालांकि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इसके लिए कतई राजी नहीं हैं। गज़ा के साथ-साथ लेबनान और ईरान दोनों जगह इजरायल की कुदृष्टि पड़ी हुई है। अपने हमलों को जायज ठहराने के लिए नेतन्याहू ने आत्मरक्षा के मनमाने सिद्धांत प्रतिपादित किए हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय न्यायालय जब उन्हें युद्धअपराधी ठहरा चुका है, तो उनके किसी भी तर्क पर यकीन करना मुश्किल है। ट्रंप के लिए घरेलू स्तर पर कई कठिनाइयां ईरान युद्ध के

# इतिहास की भूलों का परिमार्जन और नया नौसैनिक विजन

> वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद इस दृष्टिकोण में एक युगांतरकारी और मौलिक बदलाव आया। पिछले एक दशक (2014-2024 और उसके बाद) में भारतीय नौसेना ने न केवल अपनी परिचालन क्षमता का विस्तार किया है।

इतिहास गवाह है कि जो राष्ट्र अपनी समुद्री सीमाओं की अनदेखी करता है, उसकी संप्रभुता और आर्थिक समृद्धि हमेशा खतरे में रहती है। भारत, चोल साम्राज्य और छत्रपति शिवाजी महाराज की महान नौसैनिक विरासत का उत्तराधिकारी होने के बावजूद, आजादी के बाद के कई दशकों तक एक 'महाद्वीपीय मानसिकता' का शिकार रहा। हमारी रक्षा नीतियों का झुकाव मुख्य रूप से स्थलीय सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित रहा और नौसेना को वह रणनीतिक प्राथमिकता नहीं मिली जिसकी वह हकदार थी। गौरतलब है कि एक दशक पहले तक भारत की गिनती दुनिया के सबसे बड़े रक्षा आयातकों में होती थी। जटिल सैन्य उपकरणों, युद्धपोतों और पनडुब्बियों के लिए विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर हमारी निर्भरता रणनीतिक स्वायत्तता के लिए एक बड़ा खतरा थी। संकट के समय विदेशी ताकतों द्वारा कलपुर्जों की आपूर्ति रोकने का जोखिम हमेशा बना रहता था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बुनियादी कमजोरी पर प्रहार करते हुए नौसेना को ₹बिल्डर नेवी₹ (में बदलने का स्पष्ट रोडमैप दिया।प्रोजेक्ट 17A और अन्य अत्याधुनिक रक्षा परियोजनाओं के तहत आइएनएस महेंद्रगिरी , आइएनएसदुनागिरी , आइएनएससंशोधक , और आइएनएस अग्रे जैसे गाइडेड-मिसाइल और स्टील्थ युद्धपोतों का घरेलू शिपयार्ड्स में निर्माण भारत की बदलती औद्योगिक और तकनीकी क्षमता का सबसे बड़ा प्रमाण है। ये केवल स्टील के तैरते हुए ढांचे नहीं हैं; ये भारत में ही विकसित उन्नत रडार, सोनार, अत्याधुनिक सेंसर और ब्रह्मोस जैसी अचूक मिसाइल प्रणालियों से लैस आधुनिक तैरते हुए अभेद्य किले हैं। माझगांव डॉक , गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स , और कोचीन शिपयार्ड जैसी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों को बड़े पैमाने पर वित्तीय सहायता और अत्याधुनिक



बुनियादी ढांचा प्रदान किया गया। आज इन शिपयार्ड्स के पास एक साथ दर्जनों युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण की क्षमता है। परिणाम यह है कि वर्तमान में नौसेना के भावी बेड़े में शामिल होने वाले युद्धपोतों में स्वदेशीकरण का स्तर 80 से 90 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP) में किए गए नीतिगत सुधारों ने देश के भीतर एक मजबूत रक्षा इकोसिस्टम तैयार किया है। हजारों लघु और मध्यम उद्योग (MSMEs) और टेक स्टार्ट-अप्स आज नौसेना के लिए विश्व स्तरीय कलपुर्जे और सॉफ्टवेयर विकसित कर रहे हैं, जिससे देश का पैसा देश के भीतर ही रह रहा है और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। भारतीय नौसेना के आधुनिक इतिहास में 2 सितंबर 2022 का दिन स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो चुका है। इस दिन देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया था। आईएनएस विक्रांत केवल एक सैन्य जहाज़ नहीं है, बल्कि यह इक्कीसवीं सदी के भारत के सामर्थ्य, कौशल और राष्ट्रीय संकल्प का चमकता हुआ प्रतीक है। इस विशाल फ्लोटिंग एयरफील्ड के निर्माण के साथ ही भारत दुनिया के उन चुनिंदा 5-6 देशों के विशिष्ट और संभ्रांत क्लब में शामिल हो गया, जो 40,000 टन से अधिक वजनी और अत्याधुनिक विमानवाहक पोतों को पूरी तरह से खुद डिजाइन और निर्मित करने की क्षमता रखते हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक और बड़ा रणनीतिक और सांस्कृतिक कदम उठाया। नौसेना के ध्वज से औपनिवेशिक गुलामी के प्रतीक 'सेंट जॉर्ज क्रॉस' को हमेशा के लिए हटा दिया गया और उसकी जगह छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्र से प्रेरित नए नौसैनिक ध्वज (निशान) का अनावरण किया गया। यह कदम इस बात का उद्घोष था कि नया भारत अब अपनी सुरक्षा रणनीतियां और अपनी पहचान विदेशी चश्मे से नहीं, बल्कि अपनी गौरवशाली विरासत के आधार पर तय करेगा। हिंद महासागर क्षेत्र दुनिया का सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग है। दुनिया की कुल ऊर्जा आपूर्ति और वाणिज्यिक जहाजों का एक बहुत बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से गुजरता है। पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता, पनडुब्बियों की अनधिकृत आवाजाही और उसकी 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति ने एक बड़ा असंतुलन पैदा करने की कोशिश की थी। लेकिन भारत ने अपनी मजबूत नौसैनिक उपस्थिति से चीन की इस घेराबंदी को पूरी तरह से निष्प्रभावी कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश और रक्षा नीति का मूल मंत्र सागर और हालिया महासागर दृष्टिकोण है। यह विजन स्पष्ट करता है कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में एक आक्रामक शक्ति नहीं, बल्कि एक समावेशी और सहयोगी शक्ति है, जो सभी पड़ोसी मित्र देशों की सुरक्षा और आर्थिक प्रगति को अपनी प्रगति से जोड़कर देखता है। पिछले कुछ वर्षों में अदन की खाड़ी, लाल सागर और अरब सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर सोमाली डाकुओं के आतंक और ड्रोन हमलों में अचानक भारी वृद्धि देखी गई। जब दुनिया की कई बड़ी नौसेनाएं इस संकट के सामने असहाय या रक्षात्मक मुद्रा में थीं, तब भारतीय नौसेना ने 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' की भूमिका निभाते हुए कड़ा रुख अपनाया। नौसेना के विशेष कमांडो ने रात के अंधेरे में बीच समुद्र में कई साहसिक ऑपरेशन चलाए। उन्होंने न केवल भारतीय जहाजों को बचाया, बल्कि बुल्गारिया, पाकिस्तान, ईरान और अन्य देशों के अपहृत जहाजों और उनके चालक दल के सदस्यों को मौत के मुंह से सुरक्षित बाहर निकाला।

■ अशोक भाटिया

## इस संघर्ष का सबसे ...

ललित गर्ग

# अमेरिका-ईरान टकराव और विश्व शांति की नई चुनौती

अमेरिका और ईरान के बीच लंबे तनाव के बाद बड़ी कठिनाई से बना संघर्ष विराम अपनी निर्धारित अवधि पूरी करने से पहले ही टूटने की कगार पर पहुंच गया है। ईरान द्वारा अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए गए ताजा हमलों और उसके जवाब में अमेरिका की भीषण बमबारी ने एक बार फिर पूरी दुनिया को युद्ध की आशंकाओं के बीच खड़ा कर दिया है। यह केवल दो देशों के बीच का सैन्य संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति, आर्थिक स्थिरता और मानवीय मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती है। जिस समय विश्व को महामारी, आर्थिक मंदी, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संकट जैसी समस्याओं से मिलकर लड़ना चाहिए, उस समय महाशक्तियों का युद्धोन्माद पूरी मानवता को पीछे धकेलने का कार्य कर रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उत्पन्न विवाद ने इस संघर्ष को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल की आपूर्ति इसी समुद्री मार्ग से होती है। यदि यह मार्ग बाधित होता है तो केवल तेल की कीमतें ही नहीं बढ़ेंगी, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक दुष्प्रभाव पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी, उत्पादन लागत में वृद्धि होगी, आपूर्ति श्रृंखलाएं टूटेंगी और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था सबसे अधिक प्रभावित होगी। युद्ध की आग कभी सीमाओं में



नहीं रहती, उसकी तपिश अंततः पूरी दुनिया को झुलसाती है। इस संघर्ष का सबसे दुखद पक्ष यह है कि इसमें निर्दोष नागरिकों, नाविकों और आम जनजीवन को सबसे अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। हाल के घटनाक्रम में भारतीय नाविकों के प्रभावित होने और भारत के सहयोग से विकसित रणनीतिक महत्व वाले चाबहार बंदरगाह परियोजना को नुकसान पहुंचने से यह स्पष्ट हो गया है कि युद्ध किसी एक देश तक सीमित नहीं रहता। अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक विश्वास-तीनों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अमेरिका स्वयं को लोकतंत्र और विश्व व्यवस्था का संरक्षक बताता है, लेकिन उसकी विदेश नीति लंबे समय से प्रतिबंधों, सैन्य दबाव और शक्ति प्रदर्शन पर आधारित रही है। किसी भी राष्ट्र को झुकाने के लिए आर्थिक प्रतिबंध, सैन्य हमले और राजनीतिक दबाव स्थायी समाधान नहीं हो सकते। महाशक्ति होने का अर्थ केवल सैन्य सामर्थ्य नहीं, बल्कि संयम, दूरदृष्टि और विश्व समुदाय के प्रति नैतिक उत्तरदायित्व भी है। यदि शक्ति विवेक से संचालित न हो तो वही शक्ति विनाश का कारण बन जाती है।

दूसरी ओर ईरान को भी यह समझना होगा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों को अपने रणनीतिक हितों के लिए बंधक बनाना न तो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और न ही वैश्विक विश्वास के अनुकूल। किसी भी देश की सुरक्षा तब तक स्थायी नहीं हो सकती जब तक वह पड़ोसी देशों और विश्व समुदाय के साथ सहयोग, विश्वास और पारदर्शिता का वातावरण निर्मित न करे। भय और प्रतिशोध पर आधारित सुरक्षा व्यवस्था अंततः स्वयं को ही असुरक्षित बना देती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली ने इस पूरे संकट को और अधिक अनिश्चित बनाया है। एक ओर वे कठोर सैन्य कार्रवाई करते हैं, दूसरी ओर वार्ता और समझौते की बातें करते हैं। इस प्रकार के विरोधाभासी संदेश न केवल कूटनीतिक विश्वास को कमजोर करते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अस्थिरता पैदा करते हैं। महाशक्तियों के नेताओं के प्रत्येक वक्तव्य का प्रभाव केवल उनके देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि विश्व की अर्थव्यवस्था, निवेश, ऊर्जा बाजार और करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ता है। इसलिए नेतृत्व में धैर्य, स्थिरता और विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक है। इतिहास गवाह है कि युद्धों ने कभी स्थायी समाधान नहीं दिया। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध से लेकर इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया तक, हर युद्ध ने नई समस्याएं ही पैदा की हैं। लाखों लोगों की जान गई, करोड़ों लोग विस्थापित हुए, लेकिन अंततः समाधान फिर बातचीत की मेज पर ही खोजे गए। यदि अंत में संवाद ही करना है, तो शुरुआत भी संवाद से ही क्यों नहीं हो सकती?

# सुलतानपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संवरी ग्रामीण

उत्तर प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों के अनुरूप जनपद सुलतानपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में यह अभियान ग्रामीण क्षेत्र की निर्धन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके परिवारों की आय में निरंतर वृद्धि करने का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। जनपद के विकास खण्ड कूड़वार के ग्राम उत्तरगांव की निवासी श्रीमती ललिता मौर्य की सफलता की कहानी इस सरकारी प्रयास का एक उत्कृष्ट और जीवंत उदाहरण है।

कभी अत्यधिक आर्थिक तंगी, कच्चे मकान और सीमित आय के कारण गंभीर सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से जूझने वाली ललिता मौर्य के जीवन में यह बड़ा बदलाव शासन की जनहितैषी योजनाओं के कारण ही संभव हो सका है। उनके पति पूर्व में चौकीदारी का कार्य करते थे, जिससे बड़े परिवार का दैनिक खर्च चलाना भी मुश्किल होता था। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में जिला प्रशासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की योजनाओं ने उन्हें एक नया जीवन मार्ग दिखाया।

ललिता मौर्य ने गाँव की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर 'लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह' की सदस्यता ग्रहण की, जो 'ठाकुर बाबा ग्राम संगठन' और 'जागृति महिला संकुल स्तरीय संघ (सी.एल.एफ.)' के अंतर्गत सक्रियता से कार्य कर रहा है। समूह से जुड़ने के उपरान्त जिला प्रशासन की देखरेख में उन्हें विधिवत प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और आवश्यक वित्तीय सहायता सुलभ कराई गई। प्रारम्भिक चरण में उन्होंने 'समूह सखी' के रूप में अपनी क्षमता का परिचय दिया, जिससे उन्हें प्रशासनिक व्यवस्था और अन्य ग्रामीण महिलाओं के बीच समन्वय स्थापित करने का गहरा अनुभव प्राप्त हुआ।

इस आजीविका यात्रा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने समूह के माध्यम से ऋण प्राप्त कर अचार, पापड़, मल्टीग्रेन आटा, बेसन, सत्तू तथा मक्का आधारित विभिन्न खाद्य उत्पादों के निर्माण और बिक्री का उद्यम प्रारम्भ किया। व्यवसाय के शुरुआती दौर में उत्पाद निर्माण, विपणन, ब्रांडिंग और बाजार की कड़ी प्रतिस्पर्धा जैसी कई व्यावहारिक चुनौतियाँ सामने आईं, जिनका जिला एवं ब्लॉक स्तरीय तकनीकी टीमों ने त्वरित संज्ञान लिया। जिला प्रशासन द्वारा ललिता मौर्य के उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग सुनिश्चित कराई गई और उन्हें विभिन्न विकास प्रदर्शनियों, राजकीय मेलों तथा विशेष स्टॉलों में अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया गया। इसके साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'पीएमएफएमई' योजना और स्वयं सहायता समूह के वित्तीय कोष से उन्हें समय पर पूँजी उपलब्ध कराई गई। इन समन्वित प्रशासनिक प्रयासों के फलस्वरूप उनके उत्पादों की बाजार में मांग और बिक्री में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई। वर्तमान में ललिता मौर्य का यह खाद्य प्रसंस्करण उद्यम अत्यंत सफलता के साथ संचालित हो रहा है, जिससे वह प्रतिवर्ष लगभग 2 से 3 लाख रुपये तक की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं। स्वयं आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ उन्होंने अपने इस उद्यम में गाँव की पाँच अन्य निर्धन महिलाओं को भी नियमित रोजगार प्रदान कर उनके परिवारों को आर्थिक संबल दिया है। इसके अतिरिक्त, शासन की कल्याणकारी नीतियों के तहत ललिता के परिवार को पक्का आवास और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी स्वीकृत की गई हैं, जिससे उनके जीवन स्तर में व्यापक सुधार आया है।

## जरा हटके

## कई किसानों को अगली ...

अमित कुमार शुक्ला

# योगी सरकार में गन्ना किसानों के आर्थिक विकास को मिली नई रफ्तार

उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य है। यहां लाखों किसान प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से गन्ना खेती और उससे जुड़े उद्योगों के माध्यम से अपनी आजीविका अर्जित करते हैं। प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गन्ना केवल एक फसल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आय, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख आधार है। ऐसे में गन्ना क्षेत्र की मजबूती सीधे किसानों की समृद्धि और प्रदेश के आर्थिक विकास से जुड़ी हुई है। प्रदेश के मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान, चीनी उद्योग के आधुनिकीकरण और तकनीक आधारित कृषि को बढ़ावा देकर इस क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन प्रयासों का परिणाम आज किसानों की बढ़ती आय, समयबद्ध भुगतान और ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई दे रही नई खुशहाली के रूप में सामने आ रहा है।

एक समय ऐसा था जब गन्ना किसानों को अपनी मेहनत का उचित प्रतिफल पाने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था। चीनी मिलों से भुगतान में देरी, बढ़ती उत्पादन लागत, सिंचाई संबंधी कठिनाइयां, बंद पड़ी चीनी मिलें और सीमित तकनीकी संसाधन किसानों के सामने बड़ी चुनौतियां थीं। कई किसानों को अगली फसल की तैयारी के लिए कर्ज का सहारा लेना पड़ता था, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार प्रभावित होती थी। ऐसे में गन्ना खेती किसानों के लिए लाभ का नहीं, बल्कि अनिश्चितता का विषय बनती जा रही थी। प्रदेश



सरकार ने किसानों को रू0 03.22 लाख करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य का रिकार्ड भुगतान किया है। प्रदेश सरकार ने इस स्थिति को बदलने के लिए गन्ना क्षेत्र में व्यापक सुधारों की शुरुआत की। किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, चीनी मिलों की कार्यक्षमता बढ़ाने, आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने और एथेनॉल उत्पादन को प्रोत्साहित करने जैसे अनेक निर्णय लिए गए। वर्तमान सरकार ने 04 नई चीनी मिलों की स्थापना 06 चीनी मिलों का पुनः संचालन और 44 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार किया है। प्रदेश में अब 120 चीनी मिलें क्रियाशील है। इन नीतिगत सुधारों ने गन्ना खेती को नई ऊर्जा प्रदान की और किसानों का विश्वास मजबूत किया।

प्रदेश सरकार के निरंतर प्रयासों से गन्ना किसानों का बकाया भुगतान तेजी से किया गया तथा चीनी मिलों को निर्धारित समय के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समय पर भुगतान मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया। अब किसानों को खेती के लिए महंगे ब्याज पर ऋण लेने की आवश्यकता पहले की तुलना में काफी कम हो गई है। वे समय पर उन्नत बीज, उर्वरक, कृषि यंत्र तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कर पा रहे हैं, जिससे खेती की गुणवत्ता और उत्पादकता दोनों में वृद्धि हुई है।

प्रदेश सरकार ने गन्ना खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर भी विशेष बल दिया है। ट्रेंच विधि, ड्रिप सिंचाई, सहफसली खेती तथा उन्नत किस्मों के उपयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया। गन्ना विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक खेती की नई तकनीकों से परिचित कराया गया। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में किसान पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपना रहे हैं। ड्रिप सिंचाई से जल संरक्षण हो रहा है, ट्रेंच विधि से उत्पादन में वृद्धि हुई है तथा खेती की लागत में कमी आई है। इससे किसानों की आय में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है।

गन्ना क्षेत्र में एथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने की नीति ने भी किसानों और चीनी उद्योग दोनों को नई दिशा दी है। पहले जहां चीनी मिलों की आय मुख्य रूप से चीनी उत्पादन पर निर्भर रहती थी, वहीं अब एथेनॉल उत्पादन ने आय के अतिरिक्त स्रोत उपलब्ध कराए हैं। इससे चीनी मिलों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और किसानों को समय पर भुगतान की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनी है। प्रदेश में वर्ष 2017 के पूर्व एथेनाल का उत्पादन मात्र 42 करोड़ लीटर था। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2025-26 में बढ़कर 188 करोड़ लीटर हो गया है, जो देश में सर्वाधिक है। गन्ने की बढ़ती मांग ने किसानों को उनकी फसल का बेहतर मूल्य दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों का भी विस्तार हुआ है।

प्रदेश में वर्षों से बंद पड़ी कई चीनी मिलों के पुनरुद्धार तथा नई इकाइयों की स्थापना के प्रयासों ने भी गन्ना किसानों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया है। अब किसानों को अपनी फसल दूर-दराज के क्षेत्रों में ले जाने की आवश्यकता कम हुई है। परिवहन लागत में कमी आने से उनकी आय में वृद्धि हुई है। वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिली है। इन सुधारों का प्रभाव किसानों के जीवन स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। आर्थिक मजबूती मिलने से ग्रामीण परिवारों की जीवन शैली में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। किसान अब अपने बच्चों की शिक्षा पर अधिक निवेश कर रहे हैं, आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग बढ़ा है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आवास और अन्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है।

## सड़क चौड़ीकरण के लिए पुलिस-प्रशासन ने मछरेहटा-मिश्रिख मार्ग पर 500 मीटर तक अवैध कब्जे हटाए

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**कब्जा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**सीतापुर।** सीतापुर के मछरेहटा कस्बे में सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधा बन रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई की। लोक निर्माण विभाग (PWD) और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस की मौजूदगी में मिश्रिख मार्ग पर करीब 500 मीटर तक दोनों ओर फैले अतिक्रमण को हटवाया। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा, जबकि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।






जानकारी के अनुसार, मछरेहटा से मिश्रिख मार्ग का चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क निर्माण में कई स्थानों पर अवैध कब्जे बाधा बन रहे थे। लोक निर्माण विभाग ने पहले ही सड़क की पैमाइश और चिन्हांकन कर अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर स्वयं कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद निर्धारित समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

इसके बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुलडोजर की मदद से कार्रवाई शुरू की। मछरेहटा-मिश्रिख रोड तिराहे से लगभग 500 मीटर तक सड़क के दोनों ओर बने अस्थायी और अवैध निर्माणों को हटाया गया, जिससे सड़क चौड़ीकरण का कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ सके।

कार्रवाई के दौरान लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता जय प्रकाश, अवर अभियंता सुलेमान अंसारी, अभियंता संजीव सेन सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं राजस्व विभाग की टीम ने भी मौके पर रहकर कार्रवाई की निगरानी की और आवश्यक प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया।

अफसरों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के लिए अवैध अतिक्रमण हटाना आवश्यक था। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व में नोटिस दिए जाने के बावजूद कब्जा नहीं हटाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सरकारी भूमि अथवा सड़क पर अवैध अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# दो मंजिला मकान में लगी भीषण आग

## 22 हजार नगदी सहित लाखों का सामान जला, ग्रामीणों ने बुझाई आग

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**सीतापुर।** सीतापुर के सकरन थाना क्षेत्र के सुमरावां गांव में सोमवार दोपहर करीब 1 बजे अज्ञात कारणों से एक दो मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि समय रहते परिवार के सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।



जानकारी के अनुसार, सुमरावां गांव निवासी प्यारेलाल पुत्र शंभू के दो मंजिला मकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने बाल्टी, पाइप और मिट्टी की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि समय रहते ग्रामीण प्रयास नहीं करते तो आग आसपास के अन्य मकानों तक भी फैल सकती थी।

आग की चपेट में आने से घर में रखे 22 हजार रुपये नकद, मोटर-साइकिल के कागजात, महत्वपूर्ण दस्तावेज, कपड़े, अनाज, जेवर, घी सहित गृहस्थी का लगभग पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। बताया जा रहा है कि 22 हजार रुपये प्यारेलाल ने हाल ही में मिर्च बेचकर घर में रखे थे, जो आग में स्वाहा हो गए।

घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने रहने और खाने तक का संकट खड़ा हो गया है। घर का पूरा सामान जल जाने से परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। घटना के बाद गांव में लोगों की भारी भीड़ जुट गई और सभी ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

क्षेत्रीय लेखपाल विकास कश्यप ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग को अवगत करा दिया गया है। मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया जाएगा और शासन की ओर से नियमानुसार पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

**फास्ट न्यूज**

### नाबालिग की पिटाई, दरोगा संतोष राय पर हाईकोर्ट सख्त

**बाराबंकी।** बाराबंकी के लोनीकटरा थाने के उपनिरीक्षक संतोष कुमार राय की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने 14 वर्षीय नाबालिग बच्चे की कथित पिटाई के मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने बाराबंकी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को 10 दिनों के भीतर व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। यह मामला पीड़ित नाबालिग विमल वर्मा की मां श्रीमती कंचन द्वारा उच्च न्यायालय में दायर आपराधिक रिट याचिका से संबंधित है।

### ब्राह्मण उत्थान महासभा की प्रदेश कोषाध्यक्ष का चयन

**बाराबंकी।** बाराबंकी ब्राह्मण उत्थान महासभा (महिला कार्यकारिणी) उत्तर प्रदेश ने समाजसेविका साधना मिश्रा को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन विस्तार के क्रम में की गई है। जारी मनोनयन सूचना के अनुसार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी और प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष (महिला कार्यकारिणी) अर्चना शुक्ला ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। साधना मिश्रा चित्रकूट की मूल निवासी हैं और धीरेंद्र कुमार मिश्र की पत्नी हैं। संगठन ने आशा व्यक्त की है कि साधना मिश्रा अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगी।

### नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी।** बाराबंकी के रामनगर क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और किसानों की लंबित समस्याओं को लेकर भारतीय किसान क्रांति यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नायब तहसीलदार हैदर अली को एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे तहसील का घेराव करेंगे। ज्ञापन सौंपते समय किसानों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से क्षेत्र की समस्याओं को अनसुना किया जा रहा है।

# 60 हिस्ट्रीशीटरों को अपराध से दूर रहने की चेतावनी

**कार्रवाई**

## सीतापुर में थानाध्यक्ष ने लगाई क्लास, हर 15 दिन में देनी होगी हाजिरी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**सीतापुर।** सीतापुर के पिसावां थाना परिसर में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के चिन्हित 60 हिस्ट्रीशीटरों की क्लास लगाई गई। इस दौरान सभी हिस्ट्रीशीटरों को थाने में तलब कर उनकी उपस्थिति दर्ज कराई गई और भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि से दूर रहने की सख्त चेतावनी दी गई।







पाठशाला की अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने एक-एक कर सभी हिस्ट्रीशीटरों से उनके वर्तमान कार्य, आजीविका, निवास स्थान और दैनिक गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही उन्हें स्पष्ट शब्दों में आगाह किया कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में उनकी संलिप्तता पाई गई तो उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से अपना रोजगार करें और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि कोई हिस्ट्रीशीटर रोजगार या अन्य कारणों से थाना क्षेत्र से बाहर या किसी अन्य स्थान पर जाता है तो इसकी सूचना संबंधित बीट पुलिसकर्मी को अवश्य दें। साथ ही थाने में दर्ज अपना मोबाइल नंबर हमेशा चालू रखें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर पुलिस उनसे तत्काल संपर्क कर सके।

उन्होंने सभी से अपील की कि यदि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अपराध या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस और जनता के सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

पाठशाला के दौरान हिस्ट्रीशीटरों को कानून का पालन करने, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और किसी भी विवाद से दूर रहने की हिदायत दी गई। थानाध्यक्ष ने दोहराया कि पुलिस अपराधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है और किसी भी प्रकार की लापरवाही या आपराधिक गतिविधि मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर थाना पिसावां के अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

## घायल को अस्पताल छोड़कर चालक फरार

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**बाराबंकी।** बाराबंकी के फतेहपुर थाना क्षेत्र के सम्सीपुर मोड़ पर सोमवार को एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवार घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर तो लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल के गेट पर छोड़कर मौके से फरार हो गए।



चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की नाजुक हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान इस्लामनगर रसूलपनाह निवासी 20 वर्षीय फादुल्ला शेख पुत्र जन्नें के रूप में हुई है। वह किसी काम से जा रहा था, तभी सम्सीपुर मोड़ के पास यह हादसा हुआ।

टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होते ही मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मदद से कार सवार घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर लेकर पहुंचे।

हालांकि, अस्पताल के मुख्य गेट पर उसे छोड़कर बिना किसी जानकारी के कार सवार वहां से फरार हो गए। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने तत्काल घायल का प्राथमिक उपचार शुरू किया।

# मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही

## दरियाबाद में एक अस्पताल सील

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**बाराबंकी।** दरियाबाद में ढाई साल के एक बच्चे की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अवैध अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। सोमवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्रशासन के नेतृत्व में सीएचसी मथुरानगर की स्वास्थ्य विभाग टीम ने छापेमारी अभियान चलाया।



इस अभियान के तहत दरियाबाद स्थित एक अस्पताल को सील कर दिया गया। वहीं, दो अन्य अस्पतालों को नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए गए। इन अस्पतालों से मरीजों का इलाज न करने और पंजीकरण से जुड़े कागजों के साथ तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### दो को नोटिस, कई संचालकों ने बंद किए अस्पताल

बाराबंकी के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्रशासन डॉ. आर.एस. स्वामी और मथुरानगर सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित कुमार दूबे ने दरियाबाद क्षेत्र में अवैध अस्पतालों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सिटी हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर में कोई मरीज या डॉक्टर नहीं मिला। अस्पताल में आईसीयू से लेकर ओटी तक की सभी व्यवस्थाएं अवैध रूप से संचालित थीं, जिसके बाद इसे सील कर दिया गया।

# चंपत पर कोई वास्तविक कार्रवाई नहीं होगी : शंकराचार्य

**आरोप**

## देर शाम बाराबंकी पहुंच ■ दान चोरी मामले को बताया 'चोर-पुलिस का खेल'

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**बाराबंकी।** ज्योतिषपीठाधीश्वर एवं द्वारका-शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बाराबंकी दौरे के दौरान अयोध्या में कथित दान चोरी के मामले और भाजपा पर तीखी टिप्पणी की।

उन्होंने कथित दान चोरी के प्रकरण को "चोर-पुलिस का खेल" बताते हुए आरोप लगाया कि चंपत राय पर कोई वास्तविक कार्रवाई नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि यदि एफआईआर भी दर्ज होती है तो वह केवल औपचारिकता होगी, क्योंकि जिस सरकार ने ट्रस्ट का गठन किया है, उसी ने जांच के लिए एसआईटी भी बनाई है। शंकराचार्य ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के हालिया बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपने संबोधन में



सरकार और भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए विभिन्न मुद्दों पर आलोचना की।

शंकराचार्य ने दावा किया कि वह उत्तर प्रदेश की 355 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं और लाखों लोगों को गौ-रक्षा की शपथ दिला चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अब केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर चल रही है और पार्टी में उनके अलावा किसी अन्य नेता की नहीं चलती।




> **"बाराबंकी पहुंचे ज्योतिष पीठाधीश्वर एवं द्वारका-शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या के कथित दान चोरी मामले पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने इसे "चोर-पुलिस का खेल" बताते हुए कहा कि चंपत राय पर कोई वास्तविक कार्रवाई नहीं होगी। उनका आरोप है कि जांच केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगी।**

### 'जहां चंपत बैठे हैं, वहां ऐसा ही होगा'

वहीं, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर हमला बोलते हुए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, "जब वहां चंपत राय बैठे हैं... चंपत का मतलब जानते हैं? चंप धातु से ही चंपत शब्द बना है। चंप का मतलब ही होता है लेकर भाग जाना। चंपत हो जाना। जब वहां पहले ही चंपत राय को बैठा दिए तो आपको समझ जाना चाहिए कि क्या होने वाला है।"

इसी के साथ सभी साधु-संत दान में कथित अनियमितता को लेकर जांच की मांग कर रहे हैं। इससे पहले महंत कमल नयन दास ने कहा कि अगर किसी प्रकार की अनियमितता सामने आई है तो उसकी जांच होनी चाहिए, लेकिन जांच प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। ऐसी जांच होनी चाहिए जिस पर सभी पक्षों को भरोसा हो।

**आत्महत्या :** पत्नी लखनऊ में थीं ■ बाराबंकी पुलिस वीडियो कॉल के एंगल जांच में जुटी

# फंदे से लटका मिला सरकारी शिक्षक का शव

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के रामनगर कस्बे में सोमवार सुबह एक सरकारी शिक्षक का शव घर के भीतर फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।



मृतक की पहचान 32 वर्षीय शुभाषकर तिवारी के रूप में हुई है। वह रामनगर कोतवाली क्षेत्र के धमेड़ी-2 मोहल्ले के निवासी थे और जरवल रोड क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। उनके पिता बृजकिशोर तिवारी उर्फ घनश्याम तिवारी जिला सांख्यिकी अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में लखनऊ में रहते हैं। घटना के समय शुभाषकर घर पर अकेले थे। उनकी पत्नी छाया, जो स्वयं भी सरकारी शिक्षिका हैं, लखनऊ में थीं, जबकि दोनों बच्चे स्कूल गए हुए थे।

पड़ोसी पवन ओझा ने बताया कि सुभाषकर तिवारी वीडियो कॉल पर अपनी पत्नी और मां से बात कर रहे थे। बातचीत के दौरान वह बार-बार फांसी लगाने की बात कह रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया। पहले डायल 112 पर कॉल की गई, फिर रामनगर पुलिस को सूचना दी गई।

### वीडियो कॉल की चर्चा, पुलिस कर रही पड़ताल

स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना से पहले शुभाषकर किसी से वीडियो कॉल पर बात कर रहे थे। हालांकि पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस मोबाइल फोन और अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर इस पहलू की भी जांच कर रही है। शुभाषकर अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। पति-पत्नी दोनों ही जरवल रोड क्षेत्र में सरकारी शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। घटना के बाद परिवार और मोहल्ले में शोक का माहौल है।

मोहल्ले वालों के बुलाने पर वह एक बार कमरे से बाहर आए, लेकिन कुछ देर बाद दोबारा दरवाजा बंद कर लिया और पंखे से गमछा बांधकर फांसी लगा ली। मृतक अपने पीछे तीन वर्ष की एक बेटी और दो वर्ष का एक बेटा छोड़ गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घरेलू कलह और संपत्ति विवाद को आत्महत्या का कारण माना जा रहा है।

रामनगर के प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए हर पहलू की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# किसान पर लाठी-डंडे से हमला, मोबाइल छीनकर नकदी लूटी

## लोनी कटरा में नहर पर पानी देखने गए किसान से मारपीट

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी। बाराबंकी के लोनीकटरा थाना क्षेत्र में एक किसान पर हमला कर उसका मोबाइल छीनकर नकदी लूटने का मामला सामने आया है। किसान धान की रोपाई के लिए नहर का पानी देखने गया था, तभी एक व्यक्ति ने उस पर लात-घूसों और डंडे से हमला कर दिया। पीड़ित ने थाने में आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लोनीकटरा थाना क्षेत्र के ग्राम शिवनाम निवासी शिवकुमार वर्मा (पुत्र सत्यलाल वर्मा) सोमवार, 13 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 2:00 बजे अपने खेत में धान की रोपाई करवा रहे थे।



नहर में पानी कम होने के कारण वह पानी की स्थिति देखने के लिए नहर की ओर गए थे।

पीड़ित शिवकुमार का आरोप है कि जैसे ही वह नहर पर पहुंचे, वहीं के निवासी छोटू कश्यप (पुत्र दिनेश कश्यप) ने उन्हें देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब शिवकुमार ने इसका विरोध किया, तो आरोपी छोटू कश्यप ने लात-घूसों और डंडे से उनकी पिटाई कर दी। आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

शिवकुमार ने बताया कि मारपीट के दौरान आरोपी छोटू कश्यप ने उनका मोबाइल फोन जबरन छीन लिया। मोबाइल के कवर में 1800 की नकदी रखी हुई थी। आरोपी ने कवर में से 1680 निकाल लिए और बाकी के 120 व मोबाइल फोन पीड़ित को वापस फेंक कर मौके से फरार हो गया।

इस घटना के बाद पीड़ित किसान ने सीधे लोनीकटरा थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी आपबीती सुनाई। उन्होंने पुलिस से लिखित प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

# माता-पिता और बहन के साथ वृंदावन आए थे, धुआं दिखते ही बाहर निकलकर जान बचाई

# कथावाचक अभिनव अरोड़ा की डस्टर कार में लगी आग

घटना

तमसा संकते, एजेंसी

मथुरा। मथुरा में रविवार रात करीब 2 बजे बाल कथा वाचक अभिनव अरोड़ा (14) की डस्टर कार में अचानक आग लग गई। वे अपने माता-पिता और बहन के साथ वृंदावन से वापस अपने घर दिल्ली जा रहे थे। कार जैसे ही यमुना एक्सप्रेसवे पर पहुंची। तेज धुआं निकलने लगा। तुरंत ही अभिनव के पिता तरुण अरोड़ा (42) ने कार रोक दी। आनन-फानन में सभी बाहर उतरे और भागकर कुछ दूरी पर खड़े हो गए। देखते ही देखते कार धूं-धूं



अभिनव अरोड़ा, कथावाचक

कर जलने लगी। आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। इस बीच पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। घटना सुरीर थाना क्षेत्र की है। सुरीर थाना प्रभारी अरुण कुमार के मुताबिक- अभिनव अरोड़ा दिल्ली के विकासपुरी में रहते हैं। उनके पिता तरुण अरोड़ा (42) लेखक और बिजनसमैन हैं। मां ज्योति अरोड़ा (40) हाउस वाइफ हैं। अभिनव अरोड़ा परिवार के साथ 11 जुलाई को अपनी डस्टर कार (DL8C AQ 0548) से वृंदावन आए थे। कार पिता ही चलाकर लाए थे। मां आगे बैठी थीं। बहन और अभिनव पीछे की सीट पर थे। रात 2 बजे के करीब जैसे ही यमुना एक्सप्रेसवे पर माइल स्टोन-84 के पास पहुंचे तो इंजन से तेज धुंआ निकलते देखा। पिता ने फौरन कार को साइड में लगाया। सभी लोग जल्दी से सुरक्षित बाहर निकल आए। पिता ने सुरीर थाना क्षेत्र की पुलिस को फोन किया। सूचना मिलने के थोड़ी देर के अंदर ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। तब तक आग ने कार को पूरी तरह से चपेट में ले लिया था। अभिनव अरोड़ा दिल्ली में रहते हैं। एक प्राइवेट स्कूल में 5वीं के छात्र हैं। भगवान कृष्ण और राम की भक्ति करते हुए अक्सर वीडियो में दिखाई देते हैं। अभिनव के इंस्टाग्राम पर लाखों की संख्या में फॉलोअर्स हैं।



## एक्सप्रेस-वे पर भीड़ लगी, लोग वीडियो बनाने लगे

कार को जलते देखकर एक्सप्रेस-वे पर लोगों की भीड़ लग गई। रास्ते से गुजर रहे लोग खड़े होकर वीडियो बनाने लगे। इस वजह से लंबा जाम लग गया। पुलिस ने लोगों को समझाकर वहां से हटाया। ट्रैफिक सुचारू करवाया। पुलिस ने दूसरी गाड़ी का इंतजाम करवाया। उससे अभिनव अरोड़ा के परिवार को दिल्ली के लिए रवाना किया। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण तकनीकी खराबी माना जा रहा है।

## वृंदावन आते वक्त भी हादसे का शिकार हुए थे

परिजनों ने बताया कि वे दिल्ली से वृंदावन जन्मदिन मनाने आए थे। दो दिन के अंदर उनके परिवार के साथ दो हादसे हो चुके हैं। पहला हादसा 11 जुलाई की रात दिल्ली से वृंदावन जाते समय हुआ। तब भी इसी कार में आग लगी थी। हालांकि, समय रहते उस पर काबू पा लिया गया था। दूसरा हादसा 12 जुलाई की रात वृंदावन से दिल्ली लौटते समय हुआ।

■ अभिनव अरोड़ा रविवार रात में अपनी डस्टर कार से वृंदावन से दिल्ली जा रहे थे।

# पूर्वांचल में बारिश का अलर्ट, पश्चिम से मानसूनी बादल गायब

### गोरखपुर में सड़कों पर पानी भरा, मेयर पैंट मोड़कर निकले, 3 शहरों में बारिश

तमसा संकते, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज/कानपुर। यूपी में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। गोरखपुर में रविवार शाम से शुरू हुई बारिश देर रात तक जारी रही। सड़कों और कॉलोनियों में पानी भर गया। हालात का जायजा लेने के लिए मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव पैंट मोड़कर पानी में उतरे। लोगों से बात की। देवरिया और संतकबीर नगर में भी जोरदार बारिश हुई। सोमवार सुबह से अयोध्या, गोरखपुर समेत 25 शहरों में बादल छाए हैं। बाकी शहरों में मौसम साफ है। उमस भरी गर्मी पड़ रही है। आज पूर्वांचल के 22 शहरों में बारिश का अलर्ट है। 8 शहरों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी यूपी में मानसून कमजोर पड़ गया है। पाकिस्तान से आ रही सूखी हवाओं के चलते आसमान से मानसूनी बादल गायब



हो गए हैं। इससे 3-4 दिनों तक बारिश पर ब्रेक लगा रहेगा। उमस बढ़ेगी। पूर्वी यूपी में कहीं-कहीं बारिश होती रहेगी। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के सिर्फ 16 शहरों में बारिश हुई।

औसतन 8.8 मिमी. बारिश का अनुमान था, लेकिन सिर्फ 2.9 मिमी ही बारिश हुई। 1 जून से 12 जुलाई तक प्रदेश में 161.6 मिमी बारिश हुई, जो औसत से 19% कम है। महराजगंज में सबसे ज्यादा 79.9 मिमी., गोरखपुर में 41.1 मिमी., श्रावस्ती में 28.3 मिमी., संतकबीर नगर में 24.3 मिमी. और सिद्धार्थनगर में 23.9 मिमी. बारिश हुई।

## फास्ट न्यूज

### ट्रस्ट के नाम पर खाता खोलकर करते थे ठगी

मथुरा। मथुरा में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने बड़े फर्जीवाड़े को उजागर किया है। साइबर थाना पुलिस की जांच में भारतीय स्टेट बैंक के तीन ऐसे खाते सामने आए हैं, जिनका उपयोग कथित तौर पर साइबर ठगी की रकम के लेनदेन के लिए किया गया। इन खातों में करीब 15 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। मामले में पुलिस ने रविवार दोपहर शाम करीब 5 बजे दो FIR दर्ज कर पांच आरोपियों के खिलाफ जांच तेज कर दी है।

### युवक ने एआई से युवती की आपत्तिजनक फोटो वायरल की

मुरादाबाद। मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में एक युवक ने युवती की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से आपत्ति-जनक तस्वीरें बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दीं। युवती के परिजनों की शिकायत पर कटघर पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपी युवक रविशंकर और उसके माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, संभल के रहने वाले आरोपी रविशंकर ने पहले इसी युवती को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया था। पुलिस ने बाद में युवती को बरामद कर लिया था।

### मेरठ ललिता हत्याकांडः कांग्रेस सांसदों-विधायकों को पुलिस ने रोका

मेरठ। मेरठ में दलित छात्रा ललिता गौतम के परिजनों से मिलने जा रहे कांग्रेस सांसदों और विधायकों को सोमवार दोपहर 12 बजे पुलिस ने रोक दिया। काशी टोल प्लाजा पर 100 जवान तैनात कर दिए।
इससे कांग्रेसी भड़क गए। नारेबाजी करने लगे। पुलिस-कर्मियों से उनकी तीखी नोकझोक हो गई। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने डेलीगेशन को टोल प्लाजा के कमरे में बैठा दिया।

# ट्रक में घुसी स्कॉर्पियो, भाई-बहन समेत 3 की मौत

### कानपुर में 100 की रफ्तार में टक्कर, कार चकनाचूर, छत गायब, 9 गंभीर

- खड़े ट्रक में स्कार्पियो की टक्कर का सीसीटीवी सामने आया है।
- टक्कर के बाद स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए।
- पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को ट्रक से अलग किया।
- पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। एंबुलेंस से लोगों को अस्पताल पहुंचाया।

तमसा संकते, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में सोमवार सुबह 6 बजे नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक में स्कॉर्पियो जा घुसी। हादसे में भाई-



बहन समेत 3 की मौके पर मौत हो गई। 9 लोग गंभीर घायल हैं। हादसे का CCTV भी सामने आया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार के पाट्र्स 15-20 फीट दूर तक बिखर गए। उसकी छत उड़ गई। स्कॉर्पियो में सवार लोग अंदर फंस गए। गाड़ी इस तरह टूटी थी कि कोई बाहर ही नहीं निकल पा रहा था। अंदर ही दर्द से तड़पते रहे। मदद की गुहार लगाते रहे। मौके पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर से गाड़ी काटी। राहगीरों की मदद से घायलों को बाहर निकाला। घायलों को कांशीराम अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर हालत में उन्हें हैलेट अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, स्कॉर्पियो में 12 लोग सवार थे। रफ्तार 100 से ज्यादा थी। सभी हरियाणा के सिरसा से बिहार के गया जा रहे थे। हादसे में डिग बड्डी, सिरसा (हरियाणा) के रहने वाले कार चालक बजरंग (45), बिहार के गया के रहने वाले नरेश मांझी के बेटे दिलकुश कुमार (11) और बेटी नेहा (15) की मौत हो गई। नरेश और उनकी पत्नी की हालत गंभीर है। हादसा जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर प्रयागराज की तरफ महाराजपुर के रूमा में हुआ।

# मथुरा के 4 पीसीएस अधिकारियों का तबादला

### तीन एसडीएम और सहायक नगर आयुक्त शामिल, नए अधिकारी भी मिले

तमसा संकते, एजेंसी

मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार ने देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए प्रदेशभर के 182 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। आधी रात के बाद जारी स्थानांतरण सूची में मथुरा जनपद में तैनात चार पीसीएस अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। लंबे समय से जिले में कार्यरत अधिकारियों को अन्य जनपदों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। शासन के इस फैसले के बाद प्रशासनिक हलकों में नई तैनातियों और जिम्मेदारियों के पुनर्वितरण को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। जारी आदेश के अनुसार, मथुरा में तैनात एसडीएम नरेंद्र यादव का स्थानांतरण कानपुर देहात, एसडीएम दीपिका मैहर का शामली तथा एसडीएम रितु सिरोही का हाथरस किया गया है। इसके अलावा सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी को रामपुर भेजा गया है। सभी अधिकारियों को शीघ्र ही अपने नए




कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन स्तर पर हुए इस प्रशासनिक फेरबदल को नियमित प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि स्थानांतरित किए गए अधिकांश अधिकारियों ने मथुरा में अपना निर्धारित कार्यकाल पूरा कर लिया था। इसके बाद प्रशासनिक आवश्यकता और शासन की नीति के अनुरूप उन्हें अन्य जनपदों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रदेश सरकार समय-समय पर प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने और अधिकारियों के अनुभव का विभिन्न जिलों में बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस तरह के स्थानांतरण करती रही है। स्थानांतरण सूची के साथ ही मथुरा जनपद को तीन नए पीसीएस अधिकारी भी आवंटित किए गए हैं। उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद जिले में प्रशासनिक जिम्मेदारियों का पुनर्वितरण किया जाएगा।

### प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने की कवायद

प्रदेश स्तर पर हुए इस व्यापक तबादला अभियान का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना बताया जा रहा है। शासन का प्रयास है कि अनुभवी अधिकारियों की सेवाओं का विभिन्न जनपदों में संतुलित उपयोग हो और प्रशासनिक कार्यों में गति आए। मथुरा में चार अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद अब सभी की नजर नए अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने और आगामी प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर बनी हुई है।

### हिंदू-मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकराया, कहा- केस लड़कर फैसला चाहते हैं

# काशी, मथुरा और संभल विवाद

तमसा संकते, एजेंसी

वाराणसी/मथुरा/संभल। यूपी के तीन मंदिर-मस्जिद विवादों को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। ये विवाद वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह और संभल की शाही जामा मस्जिद से जुड़े हैं। बार एंड बेंच के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए 'समाधान समारोह 2026' पहल के तहत लेटर भेजकर मध्यस्थता का प्रस्ताव दिया था और दोनों पक्षों से सहमति मांगी थी। किसी भी पक्ष ने इसके लिए सहमति नहीं दी। कोर्ट ने यह लेटर कब भेजा था, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। दोनों पक्षों ने कहा है कि वे अदालत में ही केस लड़कर फैसला चाहते हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट



परिसर में 21 से 23 अगस्त तक 'समाधान समारोह' के तहत विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य लंबी कानूनी लड़ाई के बजाय बातचीत के जरिए हल निकालना है।

कहां सुनवाई और मौजूदा स्थितिः इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जमीन के स्वामित्व, सर्वे और 1968 के समझौते की वैधता से जुड़े कई मुकदमे लंबित हैं।

### ज्ञानवापी मस्जिद विवाद (वाराणसी)

विवाद क्या हैः वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर विवाद है। हिंदू पक्ष का दावा है कि 17वीं शताब्दी में मुगल शासक औरंगजेब ने यहां मौजूद प्राचीन विश्वेश्वर (काशी विश्वनाथ) मंदिर को आंशिक रूप से ध्वस्त कर मस्जिद बनवाई थी।

**हिंदू पक्ष की मांगः**

ज्ञानवापी परिसर को प्राचीन विश्वेश्वर मंदिर घोषित किया जाए।

मस्जिद परिसर में नियमित पूजा की अनुमति मिले।

परिसर में मिले धार्मिक अवशेषों को मंदिर का हिस्सा माना जाए।

**मुस्लिम पक्ष की मांगः**

ज्ञानवापी को मस्जिद के रूप में बरकरार रखा जाए।

पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत नए दावों को खारिज किया जाए।

मस्जिद में मुस्लिमों के नमाज के अधिकार सुरक्षित रहें।

कहां सुनवाई और मौजूदा स्थितिः वाराणसी जिला अदालत, इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में पूजा के अधिकार, ASI सर्वे, वजूखाना क्षेत्र और धार्मिक स्थल अधिनियम (Places of Worship Act) से जुड़े मामलों पर सुनवाई जारी है।


अब सुप्रीम कोर्ट में नियमित सुनवाई होगी और दोनों पक्ष अपने-अपने सबूत व दलीलें पेश करेंगे। फिलहाल दोनों पक्षों ने इनकार किया है। यदि भविष्य में दोनों पक्ष सहमत हों, तो अदालत फिर मध्यस्थता पर विचार कर सकती है। अब मामले का फैसला पूरी न्यायिक प्रक्रिया के बाद होगा, इसलिए समय लग सकता है। अब अंतिम निर्णय सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई और फैसले से ही होगा।

# मुरादाबाद से 3 डिप्टी कलेक्टर का तबादला

### संभल से एसडीएम वंदना मिश्रा को मुरादाबाद भेजा गया

तमसा संकते, एजेंसी

मुरादाबाद। शासन ने सोमवार को मुरादाबाद के 3 डिप्टी कलेक्टर का तबादला कर दिया है। मुरादाबाद से अमित सिंह को सहारनपुर, संतदास पंवार को लखीमपुर खीरी जबकि प्रीति सिंह को सहायक निदेशक सूडा लखनऊ के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जबकि संभल की चर्चित उपजिलाधिकारी रही वंदना मिश्रा को शासन ने मुरादाबाद ट्रांसफर किया है। वंदना मिश्रा फिलहाल संभल जिले में गुन्नौर की उपजिलाधिकारी हैं। संभल एसडीएम के रूप में वंदना मिश्रा ने कई कड़े फैसले लिए थे। संभल हिंसा के दौरान वंदना मिश्रा संभल की एसडीएम थीं। इस दौरान कई



पुराने अतिक्रमणों को तोड़े जाने के एक्शन भी वंदना मिश्रा ने लिए थे। वंदना मिश्रा को शासन ने मुरादाबाद भेजा है। वंदना मिश्रा के अलावा शासन ने अमित सिंह को अमेठी से मुरादाबाद भेजा है। इनके अलावा डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय को भी गौतमबुद्ध नगर भेजा गया है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### मेरी जेब में ₹15...

उन्होंने कहा- 5 लाख की आबादी वाले हर शहर में एक बाईपास होगा। उस बाईपास के साथ हर जिला मुख्यालय फोरलेन का होगा।

वहीं, एक्सप्रेस-वे से लखनऊ-कानपुर का सफर सिर्फ 40 मिनट में पूरा होगा। अभी सफर में ढाई से तीन घंटे लगते हैं। 4700 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार एक्सप्रेस-वे कल यानी मंगलवार सुबह 8 बजे से आम लोगों के लिए खुल जाएगा।

63 किलोमीटर लंबा यह देश का पहला बैरियर-लेस एक्सप्रेस-वे है। इस पर लोगों को करीब तीन गुना ज्यादा टोल चुकाना होगा। कार से लखनऊ से कानपुर जाने पर 275 रुपए टोल देना होगा, जबकि पहले 95 रुपए ही लगते थे।

एक्सप्रेसवे पर दोपहिया वाहनों की एंट्री बैन रहेगी। वाहन अधिकतम 120 kmph की रफ्तार से दौड़ सकेंगे। टोल प्लाजा से 500 मीटर पहले लगे ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (ANPR) कैमरे और फास्टैग रीडर बिना गाड़ी रोके अपने आप टोल काट लेंगे। अगर हादसा होता है, तो AI कैमरे NHAI कंट्रोल रूम को अलर्ट भेजेंगे। एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास 5 जनवरी 2022 को किया गया था। 13 जुलाई 2026 को उद्घाटन किया गया। इस हिसाब से एक्सप्रेस-वे 1650 दिन में बनकर तैयार हुआ।

गडकरी ने कहा कि हमारे डिपार्टमेंट ने 11 वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। मैं इंजीनियर नहीं हूं, लेकिन मुझे इंजीनियरिंग की 17 डॉक्टरेट मिली हैं। हमारे देश में दो खंभों का अंतर अधिकतम 30 मीटर रह सकता है। लेकिन, हम मलेशिया से तकनीक लाए हैं। सिंगल खंभे पर 3 मंजिल की इमारत खत्म होगी। इसकी विशेषता है कि इसमें अंतर 120 मीटर होगा। इसमें लागत 3 गुना कम हो जाएगी। यह इंजीनियरिंग का मार्बल है। गडकरी ने कहा कि लखनऊ में बनने वाला एलिवेटेड 3 लेयर फ्लाईओवर विश्व के आकर्षण का केंद्र बनेगा। यह 23 किमी का हाईवे होगा। राजनाथजी, मैं उसमें मेट्रो तो नहीं बना सकता हूं। लेकिन, मैं नई-नई तकनीक लेकर आया हूं। अब हवा में उड़ने वाली बस भी लाने वाला हूं। पानी में उतरने वाला जहाज भी मैं लेकर आया था। मास रेपिड सिस्टम ऑफ इलेक्ट्रिसिटी मैं तैयार करके दूंगा। यह मेरे अंडर आती है। इससे एक कोने से दूसरे कोने तक कब पहुंच जाएंगे, यह पता ही नहीं चलेगा। गडकरी ने कहा कि लखनऊ में एयरपोर्ट से आउटर रिंग रोड तक शहीद पथ बनाया जाना है। यह ऐलिवेटेड कॉरिडोर होगा। नीचे रोड, ऊपर ब्रिज, दूसरे में ब्रिज, तीसरे पर मेट्रो चलेगी। 3 मंजिल की एलिवेटेड रोड बनाने के आदेश दिए हैं। इसी साल दिसंबर से पहले इसका भूमिपूजन करूंगा। इसके डीपीआर का आदेश दे दिया है।

### आइईडी ब्लास्ट ...

धमाके के तुरंत बाद, सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और हमलावरों का पता लगाने के लिए आसपास के जंगली इलाकों में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। अभी तक किसी भी विद्रोही गुट ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। स्थानीय अधिकारी और फोरेंसिक टीमें धमाके की असल वजह और प्रकृति की जांच कर रही हैं।

### ताहिर हुसैन दोषी क...

परिवार उनकी तलाश कर रहा था, तभी लोगों ने बताया कि उनकी हत्या कर शव को चांदबाग पुलिया के पास खजूरी खास नाले में फेंक दिया गया है। अगले दिन सुबह पुलिस ने नाले से उनका शव बरामद किया था।

रविंदर कुमार का आरोप था कि उनके बेटे की हत्या तत्कालीन AAP पार्षद ताहिर हुसैन और उनके साथियों ने की। शिकायत के अनुसार, आरोपी ताहिर हुसैन के ऑफिस में इकट्ठा हुए थे और हत्या के बाद अंकित के शव को नाले में फेंक दिया गया।

मामले में नाम सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी ने ताहिर हुसैन को निलंबित कर दिया था। 24 मार्च 2023 को अदालत ने ताहिर हुसैन सहित 11 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए थे।

### 7 दिन में फिर रफ्तार...

स्यानाचट्टी के पास ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे रविवार को लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा।

हरियाणा में हिमाचल से आ रहे पानी के कारण यमुना और मारकंडा नदी में पानी बढ़ गया है। इससे कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं। दिल्ली में बारिश से यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। रविवार को यमुना नदी में नहाने गए 4 बच्चे तेज बहाव में बह गए।

राजस्थान में मानसून का पहला दौर थमने के बाद अब बारिश की रफ्तार धीमी पड़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले करीब एक हफ्ते तक राज्य के ज्यादातर हिस्सों में बारिश की संभावना कम है। जोधपुर और बीकानेर संभाग के अधिकांश इलाकों में मौसम ड्राइ रहेगा। हालांकि, 14 और 15 जुलाई को बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू और आसपास के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

### हाईकोर्ट ने संविधान...

उन्होंने यह भी कहा था कि संविधान सभा की बहस के दौरान भी इस बात पर जोर दिया गया था कि गाय भारतीय सभ्यता में पूजनीय रही है और भगवान कृष्ण के समय से उसका विशेष महत्व रहा है। यह जानकारी अदालत में दाखिल याचिका और न्यायिक आदेश के आधार पर सामने आई है।

20 मई को कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की पशु वध संबंधी गाइडलाइन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि बिना जरूरी फिटनेस सर्टिफिकेट के गाय, भैंस, बैल या बछड़े का वध नहीं किया जा सकता।

चीफ जस्टिस सुजय पॉल और जस्टिस पार्थ सारथी की बेंच ने कहा, खुले सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी पशु का वध पूरी तरह बैन है। ईद-उल-जुहा में गाय की कुर्बानी इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है।

पूर्व तृणमूल नेता व विधायक हुमायूं कबीर ने गाइडलाइन का विरोध करते हुए ईद पर हर हाल में कुर्बानी की धमकी दी है। इस पर भाजपा ने कहा कि किसी भी हाल में अवैध स्लॉटरहाउस नहीं चलने दिए जाएंगे।

### तलवार लहराते दिख...

प्रदेश अध्यक्ष के जियामऊ पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर क्रेन पर माला टांगकर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस बीच एक कार्यकर्ता ने उन्हें तलवार और गदा भेंट किया। उन्होंने चलती गाड़ी पर तलवार लहराई। कड़ी में धूप में स्वागत के चलते सड़क पर काफी देर तक यातायात बाधित हुआ जिससे लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा।

### हिंदू-मुस्लिम पक्ष ने...

हिंदू पक्ष का दावा है कि 17वीं शताब्दी में मुगल शासक औरंगजेब ने यहां मौजूद प्राचीन विश्वेश्वर (काशी विश्वनाथ) मंदिर को आंशिक रूप से ध्वस्त कर मस्जिद बनवाई थी।

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पास स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को लेकर विवाद है। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह मस्जिद भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर बने मंदिर को तोड़कर बनाई गई थी।

संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि यह प्राचीन हरिहर (हरि) मंदिर को तोड़कर बनाई गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट में नियमित सुनवाई होगी और दोनों पक्ष अपने-अपने सबूत व दलीलें पेश करेंगे। फिलहाल दोनों पक्षों ने इनकार किया है। यदि भविष्य में दोनों पक्ष सहमत हों, तो अदालत फिर मध्यस्थता पर विचार कर सकती है। अब मामले का फैसला पूरी न्यायिक प्रक्रिया के बाद होगा, इसलिए समय लग सकता है। अब अंतिम निर्णय सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई और फैसले से ही होगा।

### एंडी फ्लावर, फ्लिंटॉफ और लैंगर के नाम पर भी चर्चा, मैकुलम को हटाया

# राहुल द्रविड़ बन सकते हैं इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच

विचार

लंदन, एजेंसी

टीम इंडिया के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ इंग्लैंड की टेस्ट टीम के नए मुख्य कोच बनने की दौड़ में शामिल हैं। ब्रेंडन मैकुलम के पद छोड़ने के बाद ECB (इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड) पॉसिबल कैंडीडेट्स के नाम पर विचार कर रहा है, जिसमें द्रविड़ का नाम भी है। डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार द्रविड़ उन चुनिंदा कैंडीडेट्स में शामिल हैं, जिन पर ECB विचार कर रहा है। इस लिस्ट में एंडी फ्लावर, एंड्रयू फ्लिंटॉफ और जस्टिन लैंगर जैसे नाम शामिल हैं।



### एंडी फ्लावर सबसे मजबूत दावेदार

पूर्व जिम्बाब्वे कप्तान एंडी फ्लावर भी इस पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। उनके कार्यकाल में इंग्लैंड ने तीन एशेज सीरीज जीती थीं। साथ ही टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया था। रिचर्ड डॉसन, श्रीलंका के महान बल्लेबाज कुमार संगकारा और पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन के नाम भी संभावित उम्मीदवारों में शामिल बताए जा रहे हैं।

### फुल-टाइम कोचिंग के इच्छुक नहीं हैं द्रविड़

रिपोर्ट में यह भी लिखा गया कि द्रविड़ फुलटाइम कोचिंग की जिम्मेदारी लेने के इच्छुक नहीं हैं। इंग्लैंड की टेस्ट टीम का कोच बनने पर उन्हें परिवार के साथ अधिक समय बिताने का मौका मिलेगा और टेस्ट क्रिकेट में योगदान देने का अवसर भी मिलेगा।

“ द्रविड़ की प्लांड कोचिंग, खिलाड़ियों को विकसित करने की क्षमता और लंबे समय की सोच उन्हें इस पद के लिए मजबूत दावेदार बनाती है। 53 साल द्रविड़ के कार्यकाल में भारत ने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। भारत की अंडर-19 और ए टीम के साथ उनका काम भी काफी सराहा गया है।



# दावा- इंग्लैंड दौरे के बाद भारत का कोचिंग स्टाफ बदलेगा

### गंभीर के दो भरोसेमंद कोच हट सकते हैं, फील्डिंग कोच दिलीप पर भी दबाव

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो टी-20 सीरीज हारने के बाद भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ में बदलाव हो सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट और बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल टीम से बाहर हो सकते हैं। दोनों का मौजूदा कॉन्ट्रैक्ट इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद खत्म हो रहा है। लगातार खराब प्रदर्शन के बाद BCCI टीम और सपोर्ट स्टाफ का रिव्यू करेगा। टीम की खराब फील्डिंग भी बोर्ड की चिंता बढ़ा रही है। भारत ने आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर 10 से ज्यादा कैच छोड़े। ऐसे में फील्डिंग कोच टी. दिलीप को भी हटाया जा सकता है।



- हेड कोच गौतम गंभीर और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर।
- टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ भारतीय कोचिंग स्टाफ।

पिछले साल उन्हें अभिषेक नायर के साथ टीम से बाहर किया गया था, लेकिन बाद में दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रयान टेन डोशेट पूरे साल भारतीय टीम के साथ लगातार यात्रा करने से संतुष्ट नहीं हैं।

# सिनर ने लगातार दूसरी बार विंबलडन जीता

### युवराज सिंह, अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी मैच देखने पहुंचे

लंदन, एजेंसी

वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने विंबलडन 2026 का पुरुष एकल खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ 24 वर्षीय सिनर लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बने। वे ओपन एरा में विंबलडन पुरुष एकल खिताब बचाने वाले इतिहास के सिर्फ 10वें खिलाड़ी बन गए। 24 साल के सिनर ने पहली बार फाइनल खेल रहे में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-7(7), 7-6(2), 6-3, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीती। यह मैच 3 घंटे 46 मिनट तक चला। इसी के साथ सिनर ने करियर का 100वां ग्रैंड स्लैम मैच जीतने की अचीवमेंट भी हासिल की। चैंपियन



बनने पर सिनर को 36 लाख पाउंड (करीब ₹42 करोड़) की इनामी राशि भी मिली। वे एटीपी रैंकिंग में नंबर-1 बने रहेंगे। उनके और नए नंबर-2 बनने वाले ज्वेरेव के बीच 4,970 अंकों का अंतर रहेगा। यह सिनर के करियर का 5वां ग्रैंड स्लैम और 2026 सीजन का पहला मेजर खिताब है। इससे पहले वे फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से हारकर बाहर हो गए थे। हालांकि, उन्होंने ग्रास कोर्ट पर शानदार वापसी की। सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराने के बाद फाइनल में भी उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया। फाइनल का पहला सेट टाई-ब्रेक तक पहुंचा, जहां ज्वेरेव ने बढ़त बना ली। फिर सिनर ने दूसरे सेट का टाई-ब्रेक जीतकर मुकाबले में बराबरी की। तीसरे और चौथे सेट में उन्होंने एक-एक बार ज्वेरेव की सर्विस तोड़ी और पूरे मैच में अपने खिलाफ मिले इकलौते ब्रेक प्वाइंट को भी बचा लिया। सिनर ने मुकाबले में 58 विनर्स लगाए और पहला चैंपियनशिप प्वाइंट भुनाते ही कोर्ट पर लेटकर जीत का जश्न मनाया।

### 18 साल बाद अलग हुए, कहा- टीम हमेशा दिल के करीब रहेगी, 5 आईपीएल टाइटल जिताए

# हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने छोड़ा सीएसके का साथ

चेन्नई, एजेंसी

IPL की सबसे सफल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) और उसके हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग का 18 साल पुराना साथ खत्म हो गया। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को सोशल पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग IPL के पहले सीजन में बतौर खिलाड़ी चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े थे। 2009 में उन्होंने कोचिंग की जिम्मेदारी संभाली और 2010 में पहला टाइटल जिता दिया।

फिर 2025 में आखिरी स्थान पर फिसल गई, जबकि 2026 सीजन में 8वें स्थान पर रहकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। ऐसे में



फ्रेंचाइजी ने नए दौर की शुरुआत का फैसला किया और फ्लेमिंग के साथ लंबे और सफल अध्याय का अंत हो गया। CSK ने अपने बयान पर कहा यह निर्णय दोनों पक्षों के बीच हुई खुली और सकारात्मक चर्चा के बाद लिया गया।

फ्लेमिंग ने कहा- 18 साल खेल में एक पूरी जिंदगी के बराबर होते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बिताया समय मेरे कोचिंग करियर का सबसे बड़ा सम्मान रहा। हमने साथ मिलकर यादगार जीत हासिल कीं। मुश्किल दौर देखे और ऐसी यादें बनाईं जो हमेशा मेरे साथ रहेंगी। सीएसके हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। मैं आगे भी टीम को सपोर्ट करता रहूंगा।

### आईपीएल के सबसे सफल कोच हैं फ्लेमिंग

फ्लेमिंग की रणनीति, शांत नेतृत्व और खिलाड़ियों पर भरोसा CSK की पहचान बन गया। उनकी और एमएस धोनी की जोड़ी को IPL इतिहास की सबसे सफल कोच-कप्तान जोड़ियों में गिना जाता है।

### खराब प्रदर्शन के कारण टीम से अलग हुए

CSK का आखिरी IPL खिताब 2023 में आया था। इसके बाद टीम का प्रदर्शन लगातार गिराता गया। टीम 2024 में 5वें स्थान पर रही।

फिर 2025 में आखिरी स्थान पर फिसल गई, जबकि 2026 सीजन में 8वें स्थान पर रहकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। ऐसे में फ्रेंचाइजी ने नए दौर की शुरुआत का फैसला किया और फ्लेमिंग के साथ लंबे और सफल अध्याय का अंत हो गया। CSK ने अपने बयान पर कहा यह निर्णय दोनों पक्षों के बीच हुई खुली और सकारात्मक चर्चा के बाद लिया गया।

### नए कोच के नाम का ऐलान नहीं

फ्रेंचाइजी ने नए हेड कोच के नाम का ऐलान नहीं किया है। उसने यह भी क्लियर नहीं किया गया कि फ्लेमिंग टेक्सास सुपर किंग्स (MLC) और जोबर्ग सुपर किंग्स (SA20) के साथ अपनी कोचिंग भूमिका जारी रखेंगे या नहीं। दोनों पक्षों के बीच हुई खुली और सकारात्मक चर्चा के बाद लिया गया।

सीएसके ने एक्स पर लिखा- 'हमने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। हमने आईपीएल इतिहास की सबसे सफल और लंबे समय तक चलने वाली पार्टनरशिप में से एक को साझा किया है। आपने जो विरासत बनाई है, वह हमें प्रेरित करती रहेगी।

## मनोरंजन

# शेखर सुमन का आमिर की तीसरी शादी पर तंज

### कहा- ट्रिपल इंजन सरकार चला रहे, मोदी जी सकते में

**मुंबई।** एक्टर और होस्ट शेखर सुमन ने हाल ही में आमिर खान की तीसरी शादी पर तंज कसा है। उन्होंने आमिर की 2 नाकाम शादियों के बाद तीसरी शादी को ट्रिपल इंजन सरकार कहा है। कहते हैं कि राजनीति करने वालों को गठबंधन की बड़ी गहरी समझ है। लेकिन उन्हें गठबंधन की सही सलाह इन साहब से सीखनी चाहिए। इन्होंने पहला गठबंधन किया, वो टूट गया। दूसरा किया, वो भी दुर्भाग्यवश टूट गया।अब इन्होंने तीसरा गठबंधन किया है। मुझे लगता है इसे अब गठबंधन नहीं महागठबंधन कहा



जाना चाहिए। पार्टियां डबल इंजन सरकार नहीं चला पा रही हैं, और ये धड़ल्ले से ट्रिपल इंजन सरकार चला रहे हैं। आमिर खान की पिछली शादियों पर शेखर सुमन ने कहा, 'इस बेमिसाल शख्स का नाम है, एक मिनट आपने गौरी, नहीं आपने गौर किया होगा कि जब हम ट्रेन में सफर किया करते थे, तो कुछ दूरी चलकर किसी खास स्टेशन में आकर इंजन ड्राइवर एक बोगी को शंट कर देता था और उसमें दूसरी जोड़ देता था। फिर थोड़ा और आगे वो दूसरी बोगी भी शंट कर तीसरी जोड़ देता था। फिर आगे जाकर दो पिछले शंट की थीं, उसे तीसरी बोगी से जोड़ देता था। और इस तरह वो पूरी लंबी मुकम्मल ट्रेन बन जाती थी। ये वही इंजन ड्राइवर हैं, जिनका हुनर बेमिसाल है। ये अपने आप में अनूठे हैं, अद्भुत है अनोखे हैं।' आगे शेखर ने कहा, 'ये वो इंजन हैं, जिनमें एथेनॉल, आइसोब्यूटिनॉल है।

# दीपिका पादुकोण से ब्रेकअप के बयान पर मुजम्मिल की सफाई

### वीडियो में कहा था- मैंने उसे छोड़ा, पछतावा नहीं, मैं स्टार था, अब बोले- एडिटिंग से कॉन्टैक्स्ट बदला

**मुंबई।** एक्टर मुजम्मिल इब्राहिम अपने उस पुराने बयान से सुर्खियों में आ गए हैं, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि 2 साल तक दीपिका पादुकोण के साथ रहने के बाद उन्होंने उन्हें छोड़ दिया था। पुराने इंटरव्यू में एक्टर ने ये भी दावा किया था कि दीपिका ने खुद उन्हें प्रपोज किया था। अब वीडियो वायरल होने के बाद एक्टर ने सफाई दी है। मुजम्मिल इब्राहिम ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम से एक पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'जिस इंटरव्यू की चर्चा की जा रही है और जिसे गलत तरीके से ताजा




दावा बताकर पेश किया जा रहा है, वह वास्तव में एक साल से भी पहले रिकॉर्ड किया गया था। इस समय जो क्लिप्स वायरल हो रही हैं, वे एक लंबी बातचीत के केवल कुछ छोटे हिस्से हैं।'

### क्या था मुजम्मिल इब्राहिम का पुराना बयान

कुछ महीनों पहले एक पॉडकास्ट में सिद्धार्थ कानन ने मुजम्मिल से पूछा था कि क्या आप दीपिका पादुकोण के साथ रिलेशनशिप में थे। मुजम्मिल ने इस बारे में बात करने से इनकार करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि हमें इस बारे में बात नहीं करनी चाहिए, क्योंकि अब उनकी शादी हो चुकी है। हम बहुत अच्छे दोस्त थे और अब भी हैं और मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं।' इस पर उनसे पूछा गया कि आप उन्हें उस वक्त डेट कर रहे थे। इस पर एक्टर ने कहा था,' जब मैं मॉडलिंग करता था।





# जुरासिक पार्क एक्टर सैम नील का निधन

### 78 साल की उम्र में ली आखिरी सांस, ब्लड कैंसर को दे चुके थे मात, मौत का कारण साफ नहीं

**मुंबई।** हॉलीवुड की मशहूर फिल्म 'जुरासिक पार्क' और ऑस्कर विजेता फिल्म 'द पियानो' एक्टर सैम नील का सोमवार को 78 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके परिवार ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में इस दुखद खबर की पुष्टि की। सैम नील न्यूजीलैंड के सबसे मशहूर अभिनेताओं में से एक थे। उनका पूरा नाम नाइजल जॉन डर्मॉट ₹सैमर₹ नील था। उनका जन्म 14 सितंबर 1947 को उत्तरी आयरलैंड के ओमाघ में हुआ था। जब वे छोटे थे, तब उनका परिवार न्यूजीलैंड जाकर बसा, जहां उनकी परवरिश हुई। सैम नील ने 1970 के दशक में अभिनय की शुरुआत की। उन्हें पहली बड़ी पहचान 1977 की फिल्म स्लीपिंग डॉग्स से मिली। इसके बाद 1979 की माय ब्रिलियंट करियर ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। 1980 और 1990 के दशक में उन्होंने हॉलीवुड में अपनी अलग जगह बनाई। सैम नील उन कलाकारों में शामिल थे, जिन्होंने 1970 के दशक के आखिर में ऑस्ट्रेलियाई सिनेमा को दुनिया भर में नई पहचान दिलाई। उनका फिल्मी करियर पांच दशक से ज्यादा लंबा रहा और उन्होंने अपनी शानदार अदाकारी से करोड़ों लोगों का दिल जीता।



“ परिवार के बयान के अनुसार, सैम नील का निधन अचानक हुआ। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सैम कैंसर से पूरी तरह ठीक हो चुके थे। साल 2023 में उन्होंने खुद बताया था कि उन्हें एंजियोइम्यूनोब्लास्टिक टी-सेल लिम्फोमा नाम का एक दुर्लभ ब्लड कैंसर हुआ था। इलाज के बाद उनकी बीमारी ठीक हो गई थी। फिलहाल परिवार ने उनके निधन की वजह नहीं बताई है। सैम नील को उनकी दमदार और सहज एक्टिंग के लिए जाना जाता था। ”

**'जुरासिक पार्क' के अलावा सैम नील ने कई यादगार फिल्मों में काम किया। इनमें प्रमुख हैं-**

- द पियानो (1993) (ऑस्कर विजेता)
- द हंट फॉर रेड अक्टूबर (1990) डेड काम (1989)
- द ओमेन 3: द फाइनल कॉन्फ्लिक्ट (1981)
- पजेशन (1981)
- इवेंट होरिजोन (1997)

उन्होंने फिल्मों के अलावा पीकी ब्लाइंडर्स, द ट्यूडर्स, मर्लिन और इन्वेशन जैसी टीवी सीरीज में भी दमदार अभिनय किया।

### फिल्मों के अलावा वाइनयार्ड के मालिक थे

सैम नील सिर्फ अभिनेता ही नहीं थे, बल्कि न्यूजीलैंड में टू पैडॉक नाम का अपना वाइनयार्ड (अंगूर का बाग) भी चलाते थे। सोशल मीडिया पर वे अक्सर अपने फार्म और वहां के जानवरों की तस्वीरें और वीडियो साझा करते थे।

# राम मंदिर चोरी का बचाव कर ट्रोल हुए अनुपम खेर

### कहा- मुगलों ने मंदिरों में रेप किए, उनकी लूट के सामने ये मामूली चीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में हुई चोरी के बचाव में दिए अपने बयान को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे हैं। इंडिया टुडे को दिए एक इंटरव्यू में अनुपम खेर ने राम मंदिर में 2 से 7 करोड़ रुपए की अनियमितता को मामूली बात बताया। उन्होंने इसका कनेक्शन सीधे मुगलों से जोड़ते हुए कहा कि मुगलों ने जो देश को लूटा और अत्याचार किए, उसके सामने यह चोरी बहुत छोटी चीज है। इस बयान का वीडियो एक्स (पहले ट्विटर) पर वायरल होने के बाद लोग उनकी जमकर आलोचना कर हैं। मुगलों की लूट से की राम मंदिर चोरी की तुलना इंटरव्यू के दौरान अनुपम खेर ने मंदिर में हुई चोरी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि लोग इसे बहुत बड़ी बात



बना रहे हैं और कह रहे हैं कि मंदिर में लूट मची है। एक्टर ने तर्क दिया कि लूट तब मची थी जब मुगलों ने हमारे मंदिरों को तोड़ा था। उन्होंने आगे कहा कि लूट तब मची थी जब मुगल राजाओं ने ब्राह्मणों को मारकर उनके जनेऊ को इकट्ठा करके तोला था। अनुपम खेर के मुताबिक, इतिहास में महिलाओं के साथ मंदिर रेप हुए, वे बहुत बड़ी समस्याएं थीं। अगर देश उन बड़ी दिक्कतों से उबर सकता है, तो यह चोरी बहुत छोटी चीज है।

## हवा में रहकर जंग कंट्रोल कर सकता है, अमेरिका का 24 घंटे में 140 ईरानी ठिकानों पर हमला

# रूस का सबसे सीक्रेट प्लेन ईरान पहुंचा

**दावा**

वॉशिंगटन, एजेंसी

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच रूस ने अपना बेहद सुरक्षित Tu-214PU एयरबोर्न कमांड विमान तेहरान भेजा है। दुनिया भर में उड़ रहे विमानों की रियल-टाइम लोकेशन दिखाने वाली वेबसाइट फ्लाइटराडार24 ने यह दावा किया है। Tu-214PU सामान्य VIP प्लेन नहीं है। इसमें सुरक्षित और एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम और स्पेशल डेटा लिंक लगे हैं। इनकी मदद से संकट की स्थिति में भी रूस का टॉप लीडर उड़ान के दौरान सेना और सरकार का संचालन कर सकते हैं। इसी वजह से इसे रूस का 'डूम्सडे प्लेन' यानी कि 'प्रलय के दिन इस्तेमाल होने वाला विमान' भी



कहा जाता है। यह विमान रोसिया स्पेशल फ्लाइट स्क्वाड्रन संचालित करता है। यही स्क्वाड्रन रूस के राष्ट्रपति और देश के शीर्ष राजनीतिक व सैन्य नेतृत्व की उड़ानों का जिम्मा संभालता है। Tu-214PU के मिशनों का पूरा रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं किया जाता। हालांकि यूक्रेन जंग के दौरान यह विमान कई बार उड़ान भरता देखा गया। रूस के पास ऐसे कितने विमान हैं, इसकी भी जानकारी सार्वजनिक नहीं है। यह प्लेन ऐसे समय तेहरान पहुंचा है, जब अमेरिका ईरान के सैन्य ठिकानों पर लगातार हमले कर रहा है और ईरान जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स

1. ओमान के पास जहाज पर हमला,1 भारतीय लापताः 'GFS गैलेक्सी' जहाज पर हुए हमले में 11 भारतीय सवार थे। 10 को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि एक भारतीय अब भी लापता है। भारत ने हमले की निंदा करते हुए नागरिक जहाजों पर हमले तुरंत रोकने की अपील की।

2. अमेरिका बोला- ईरान के 300 ठिकानों पर हमला कियाः अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक अमेरिका ने इस सप्ताह 3 दिनों में ईरान के 300 से ज्यादा सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।


3. लेबनान पर इजराइल ने फिर हमले किएः इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के नबातियेह जिले के कफर तेबनित कस्बे पर गोलीबारी की। फिलहाल इन हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

4. कुवैत के सीमा चौकियों को नुकसानः कुवैत की सेना ने रविवार को बताया कि हाल के हमलों में देश के उत्तरी हिस्से में स्थित तीन सीमा चौकियों को नुकसान पहुंचा है।

5. खुजेस्तान में वाटर प्रोजेक्ट पर हमलाः ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी IRNA के मुताबिक, दक्षिणी ईरान के महशहर शहर में एक वाटर प्रोजेक्ट पर प्रोजेक्टाइल गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

### अमेरिका-ईरान एमओयू लगभग बेअसर, लगातार हमलों से समझौते पर संकट

*अमेरिका और ईरान के बीच 17 जून को समझौता ज्ञापन (MoU) पर दस्तखत होने के बाद से अमेरिका ने ईरान पर सबसे बड़े सैन्य अभियानों में से एक चलाया है। अब तक दोनों देशों के बीच छह बार एक-दूसरे पर हमले हो चुके हैं। ज्यादातर हमले फारस की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट के आसपास हुए हैं। अमेरिका का कहना है कि इन हमलों का मकसद IRGC और ईरानी सेना की सैन्य क्षमता को कमजोर करना है। वहीं, ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है।*



### 3,000+ बैलिस्टिक मिसाइलें, भूमिगत 'मिसाइल सिटी'

अमेरिकी खुफिया एजेंसी ODNI के मुताबिक, युद्ध से पहले ईरान के पास 3,000 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें थीं, जिनकी मारक क्षमता 2,000 किमी तक है। इन मिसाइलों का बड़ा हिस्सा पहाड़ों के नीचे बने भूमिगत ठिकानों में रखा गया है। यहां मिसाइलें, लॉन्चर और कंट्रोल सेंटर सुरंगों के अंदर होते हैं, इसलिए हवाई हमलों में इन्हें पूरी तरह नष्ट करना आसान नहीं माना जाता।

## 14 जुलाई को लॉन्च होगा सर्विसेज प्रोडक्शन इंडेक्स

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अर्थव्यवस्था में आधे से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) की हर महीने की धड़कन को मापने के लिए सरकार एक नया और बेहद सटीक पैमाना लाने जा रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) 14 जुलाई को देश का पहला 'इंडेक्स ऑफ सर्विसेज प्रोडक्शन' (ISP) यानी सेवा उत्पादन सूचकांक जारी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जानकार इसे एक हाई फ्रीक्वेंसी इकोनॉमिक बैरोमीटर के तौर पर देख रहे हैं। इसका नया आधार वर्ष 2024-25 तय किया गया है। यह कदम नीति निर्माताओं, निवेशकों और कारोबारियों को अर्थव्यवस्था के सबसे बड़े हिस्से की तात्कालिक और सटीक स्थिति समझने में मदद करेगा। अब तक हमारे पास देश की मासिक औद्योगिक गतिविधि को मापने के लिए 'इंडेक्स ऑफ



इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन' (आईआईपी) तो था, लेकिन सेवा क्षेत्र के लिए ऐसा कोई मासिक संकेतक उपलब्ध नहीं था। जबकि भारत की आर्थिक वृद्धि का मुख्य इंजन अब सेवा क्षेत्र बन चुका है और यह देश के सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में आधे से अधिक का योगदान देता है। अर्थशास्त्रियों का मानना था कि एक मजबूत मासिक सेवा संकेतक न होने से अर्थव्यवस्था के वास्तविक रुझानों को समय पर ट्रैक करना मुश्किल होता था। नया आईएसपी (आईएसपी) इसी कमी को दूर करेगा और औद्योगिक सूचकांक (आईआईपी) के पूरक के रूप में काम करेगा।

**फास्ट न्यूज**

### ओपनएआई के सुरक्षा प्रमुख पद छोड़ेंगे

नई दिल्ली। ओपनएआई के सुरक्षा प्रमुख जोहान्स हाइडेके कंपनी में पुनर्गठन के बाद कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी छोड़ रहे हैं। वायर्ड ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। कंपनी के चीफ रिसर्च ऑफिसर मार्क चेन ने कहा कि ओपनए-आई की सुरक्षा टीमें अनुसंधान उपाध्यक्ष और संरेखण प्रमुख मिया ग्लेस को रिपोर्ट करेंगी। उनकी भूमिका का विस्तार किया गया है और अब वे अनुसंधान और सुरक्षा दोनों की देखरेख करेंगी।

### ईडी का अनिल अंबानी समूह की कंपनियों पर एजेंसी का शिकंजा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह के खिलाफ धन शोधन जांच में बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को ईडी ने 1,021 करोड़ रुपये की नई संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है। ईडी ने एक बयान में बताया कि इस अंतरिम आदेश में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के पास मौजूद रिलायंस पावर के इक्विटी शेयर शामिल हैं। यह जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से शुरू हुई थी।

### ओला इलेक्ट्रिक की बढ़ीं मुश्किलें

नई दिल्ली। भारतीय इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) बाजार की दिग्गज कंपनी ओला इलेक्ट्रिक (Ola Electric) की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अभी कुछ ही दिन पहले यह खबर सामने आई थी कि स्टर्लिंग ई-मोबि-लिटी सॉल्यूशंस (Sterling E-Mobility Solutions) और एनीवॉल्व मैंडो ई-मोबि-लिटी (Anevolve Mando eMobility) ने कंपनी के खिलाफ दिवालियापन की कार्रवाई शुरू की है।

# शुरुआती गिरावट के बाद संभला बाजार

### सेंसेक्स 77,500 और निफ्टी 24,200 पर कारोबार कर रहा

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजार में आज यानी 13 जुलाई को शुरुआती गिरावट के बाद अब फ्लैट कारोबार देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स 77,500 और निफ्टी 24,200 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इससे पहले सेंसेक्स 606 अंक गिरकर 76,963 पर ओपन हुआ था। निफ्टी में भी 167 अंक की गिरावट थी। IT और और कंज्यूमर ड्यूरेबल शेयर्स में ज्यादा खरीदारी है। FMCG, मेटल और रियल्टी शेयर्स ज्यादा बिकवाली है। कच्चे तेल की कीमतें भी 4% चढ़कर दोबारा 79 डॉलर के करीब पहुंच गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि ईरान के साथ हुआ समझौता अब खत्म हो चुका है। इसके बाद से पेट्रोल डीजल के



दाम में तेजी है। इससे पहले बीते हफ्ते यानी शुक्रवार, 10 जुलाई को बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेक्स 828 अंक (1.08%) की तेजी के साथ 77,569 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 244 अंकों (1.02%) की तेजी रही, ये 24,206 पर पहुंच गया था। इससे पहले बीते हफ्ते यानी शुक्रवार, 10 जुलाई को बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेक्स 828 अंक (1.08%) की तेजी के साथ 77,569 पर बंद हुआ था।

## पार्टी कर रहे 60 से ज्यादा लोग घायल, जान बचाने के लिए लोग टॉयलेट में छिपे

# बैंकॉक के बार में आग, 27 मौतें

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में रविवार देर रात एक बार में आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हो गए। थाई अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की वजह बिजली के सिस्टम में खराबी हो सकती है। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। आग लगने की वजह की जांच अभी जारी है। फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने कहा कि उन्हें रात 12 बजे आग लगने की सूचना मिली। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक इमारत का बड़ा हिस्सा जल चुका था। घटनास्थल पर मौजूद एक म्यूजीशियन ने बताया कि बिजली जाने से कुछ देर पहले मंच के पास लगे सर्किट ब्रेकर से धुआं निकलता दिखाई दिया था।





इसके बाद एक धमाके की आवाज आई और देखते ही देखते पूरे पब में धुआं भर गया। उन्होंने बताया कि कई लोग जान बचाने के लिए इमारत के पिछले हिस्से में मौजूद टॉयलेट में घुस गए, जहां पर दम घुटने से उनकी मौत हो गई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन

### गवर्नर बोले- सजावट से तेजी से फैली आग

बैंकॉक के गवर्नर चाडचार्ट सित्तिपुंत ने कहा कि पब की छत पर लगी ज्वलनशील सजावट की वजह से आग तेजी से फैली हो सकती है। उन्होंने बताया कि इमारत के आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) के पास कुछ लोग बेहोश मिले हैं। इससे आशंका है कि बाहर निकलने का रास्ता किसी तरह बाधित था। हालांकि, उन्होंने कहा कि इन बातों की पुष्टि फॉरेंसिक जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। मोटरसाइकिल चालक सुरिन जाइहार्न ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि उसने जलते हुए पब से करीब पांच लोगों को बाहर निकलने में मदद की। उसने उनके शरीर पर लगी आग कपड़ों की मदद से बुझाई।

चार्नवीराकुल ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सभी शव बरामद किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक बड़ा नुकसान हो चुका था। यह बार बैंकॉक के चातुचक जिले में स्थित है। स्थानीय स्तर पर इसे रोंग बीयर ना लाट फ्राओ नाम से जाना जाता है। यह इलाके का लोकप्रिय रेस्तरां और मनोरंजन स्थल माना जाता है।आग बुझने के बाद की तस्वीरों में बार के बाहर बड़ी संख्या में बॉडी बैग रखे दिखाई दिए। पूरे इलाके को पुलिस ने घेर लिया। अंदर का फर्नीचर, दीवारें और छत पूरी तरह काली पड़ चुकी थीं। छत के कुछ हिस्से भी उखड़ गए। सुरिन ने कहा, "मैं बहुत दुखी हूं। मैंने कई लोगों को मरते देखा। जिन लोगों की मैंने मदद की, उनका क्या हुआ, मुझे नहीं पता।" फायर ब्रिगेड को सूचना देने वाले एक ड्राइवर ने थाई अखबार डेली न्यूज को बताया कि उसने दो लोगों को बचाने के लिए पब की खिड़कियां तोड़ दी थीं। 2022 में बैंकॉक के दक्षिण में एक कस्बे के पब में आग लगने से 22 लोगों की मौत हुई थी। 1 जनवरी 2009 को बैंकॉक के सैंटिका नाइटक्लब में नए साल के जश्न के दौरान लगी आग में 66 लोगों की मौत हुई थी और 200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। 2024 में बैंकॉक के मशहूर चातुचक ओपन-एयर मार्केट में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में 1,000 जानवरों की मौत हो गई थी। बैंकॉक के गवर्नर चाडचार्ट सित्तिपुंत ने कहा कि पब की छत पर लगी ज्वलनशील सजावट की वजह से आग तेजी से फैली हो सकती है। उन्होंने बताया कि इमारत के आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) के पास कुछ लोग बेहोश मिले हैं। इससे आशंका है कि बाहर निकलने का रास्ता किसी तरह बाधित था।

## कंपनी की रिवॉर्ड ट्रिप पर गए थे पर्यटक, परिवारों को टीवी से मिली खबर

# वियतनाम में 15 भारतीयों की मौत के बाद बोट-कैप्टन गिरफ्तार

हनोई, एजेंसी

वियतनाम में शनिवार को भारतीय पर्यटकों से भरी स्पीडबोट पलटने से 15 भारतीयों की मौत के बाद स्पीडबोट कैप्टन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर केस दर्ज किया गया है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भारतीय टूरिस्ट 'लावा मोबाइल' के चैनल पार्टनर और कर्मचारी थे। सभी कंपनी के टॉप परफॉर्मिंग डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए आयोजित रिवॉर्ड ट्रिप पर वियतनाम गए थे। कई पीड़ित परिवारों ने बताया कि उन्हें हादसे की पहली जानकारी टीवी चैनलों या दोस्तों के फोन से मिली। इसके बाद भारतीय दूतावास और स्थानीय प्रशासन ने उनसे संपर्क किया। कई परिवार अब भी अपने परिजन के पार्थिव शरीर के



भारत पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। शुरुआती जांच में स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि मौसम अचानक खराब होने और ऊंची लहरों की वजह से यह हादसा हुआ। हालांकि, पूरे मामले की जांच जारी है। पस्थानीय नाविक हा वान लोक ने बताया कि उन्होंने समुद्र में पलटी हुई बोट देखी, जिस पर कई लोग चिपके हुए थे। कुछ लोग बिना लाइफ जैकेट के समुद्र में बह रहे थे।

### हादसे के बाद पर्यटन सेवाओं पर असर

हादसे के बाद कई टूरिज्म कंपनियों ने फू क्वोक और आसपास के द्वीपों के बीच स्पीडबोट सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी हैं। माय रुट द्वीप अपनी साफ नीली समुद्री जलराशि, सफेद रेत और डाइविंग के लिए जाना जाता है।

यहां बड़ी संख्या में पर्यटक स्पीडबोट से पहुंचते हैं। पिछले साल फू क्वोक में 18 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक पहुंचे थे। हालांकि वियतनाम में खराब मौसम, बाढ़ और नावों के रखरखाव में लापरवाही की वजह से पहले भी कई नौका हादसे हो चुके हैं।

### लटी बोट के नीचे फंस गए थे पर्यटक

भारतीय दूतावास के मुताबिक बोट में कुल 36 लोग सवार थे। इनमें 32 भारतीय पर्यटक और चार वियतनामी क्रू मेंबर थे। बोट माय रुट द्वीप से दूसरे द्वीप की ओर जा रही थी। तभी अचानक मौसम बदला और तेज लहरों के बीच बोट कुछ ही सेकेंड में पलट गई। बचे हुए यात्रियों ने बताया कि हादसा इतना तेजी से हुआ कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। जो लोग बोट के आगे बैठे थे वे समुद्र में कूदकर बाहर निकल गए लेकिन अंदर बैठे कई यात्री उलटी हुई बोट के नीचे फंस गए और बाहर नहीं निकल सके।

### पार्थिव शरीरों को जल्द भारत लाने की तैयारी

तमिलनाडु BJP के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने केंद्र और तमिलनाडु सरकार से अपील की कि तमिलनाडु के 10 मृतकों के शव जल्द राज्य लाए जाएं। साथ ही घायलों के बेहतर इलाज की भी मांग की। भारतीय दूतावास ने बताया कि सभी 15 मृतकों के पार्थिव शरीर 'हो ची मिन्ह सिटी' पहुंच चुके हैं। वहां कांसुलर और स्थानीय प्रशासन जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। औपचारिकताएं पूरी होते ही सभी पार्थिव शरीरों को भारत भेजा जाएगा। दूतावास और भारत के कॉन्सुलेट जनरल लगातार वियतनाम प्रशासन के संपर्क में हैं। अधिकारियों ने शवों को जल्द भारत भेजने और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद देने का भरोसा दिया है।

## रूस-ईरान ने क्रिप्टो में 9.92 लाख करोड़ का व्यापार किया

### दुनिया के बैंकिंग सिस्टम से अलग नेटवर्क बनाया, ड्रोन

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस, ईरान और उत्तर कोरिया ने दुनिया की बैंकिंग व्यवस्था से अलग क्रिप्टो के जरिए एक समानांतर भुगतान सिस्टम खड़ा कर लिया है। क्रिप्टो लेनदेन पर नजर रखने वाली संस्था चेनालिसिस के मुताबिक, 2025 में इन्होंने क्रिप्टो के जरिए 9.92 लाख करोड़ का लेनदेन किया है। यह 2024 के मुकाबले 8 गुना ज्यादा है। ये देश इस रकम का इस्तेमाल सिर्फ ट्रेड या बचत के लिए नहीं, बल्कि ड्रोन, हथियारों के पुर्जे, सैन्य तकनीक व तेल के भुगतान में कर रहे हैं। रूस ने रूबल से जुड़ा ए75 टोकन तैयार किया। इसमें रूस में रूबल देकर विदेश में क्रिप्टो से बदला जा सकता है। मई तक इसमें 11.4 लाख करोड़ के लेनदेन हो चुके हैं। नेटवर्क में 41 हजार से ज्यादा खाते व 2.5 लाख ट्रांसफर दर्ज हुए। ईरान ने घरेलू एक्सचेंजों



को तेल बिक्री और विदेशी भुगतान की वैकल्पिक पाइपलाइन बना लिया। रिवोल्यूशनरी गार्ड क्रिप्टो से तेल का पैसा लेते हैं और उसे डिजिटल वॉलेट में दूसरे देशों में भेजते हैं। विशेषज्ञ क्रिप्टो को रूस-ईरान के लिए प्रतिबंधों के समानांतर चलने वाली स्थायी वित्तीय व्यवस्था बता रहे हैं। उत्तर कोरिया ने क्रिप्टो चोरी को कमाई और हथियार कार्यक्रम का जरिया बना लिया है। 2025 में उसके हैकरों ने 20 हजार करोड़ चुराए। सबसे बड़ी वारदात 21 फरवरी को हुई, जब लाजारस समूह ने बायबिट से 14,310 करोड़ उड़ाए। एफबीआई ने इसे 'ट्रेडरेटर' नेटवर्क से जोड़ा।

## टॉप-10-कंपनियों में से 4 की वैल्यू 93 हजार करोड़ बढ़ी

### एचडीएफसी बैंक टॉप गेनर, वैल्यू 35,808 करोड़ बढ़ी, रिलायंस-एयरटेल का मार्केट कैप भी बढ़ा




मुंबई, एजेंसी

भारतीय शेयर बाजार में पिछले हफ्ते उतार-चढ़ाव के बीच देश की टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के मार्केट कैपिटलाइजेशन यानी मार्केट कैप में कुल 92,995.48 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस तेजी में प्राइवेट सेक्टर के दिग्गज HDFC बैंक और टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल सबसे आगे रहे। दूसरी ओर, बाकी छह कंपनियों को बाजार की सुस्ती के कारण नुकसान उठाना पड़ा और उनकी वैल्यूएशन में सामूहिक रूप से 49,294.13 करोड़ रुपए की गिरावट आई। पिछले कारोबारी हफ्ते में भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स मामूली गिरावट के साथ बंद हुए, जिससे पिछले चार हफ्तों से चली आ रही लगातार तेजी का सिलसिला टूट गया। पूरे हफ्ते के कारोबार के दौरान सेंसेक्स 194.52 अंक या 0.25% गिरकर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 63.95 अंक या 0.26% की कमजोरी के साथ लाल निशान में बंद हुआ। शुक्रवार यानी 10 जुलाई को शेयर बाजार में बढ़त रही थी।

## गिरावट : एक महीने में ₹25 हजार कीमत कम हुई, सोना आज ₹1,079 सस्ता हुआ

# चांदी ₹3,155 गिरकर ₹2.17 लाख किलो पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 13 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, एक किलो चांदी 3,155 रुपए घटकर 2.17 लाख रुपए पर आ गई है।

वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,079 रुपए घटकर 1.42 लाख रुपए आ गया है। बीते 1 महीने में चांदी की कीमत 25 हजार और सोने की कीमत 5 हजार रुपए कम हो चुकी है।

14 जून को चांदी 2.43 लाख और 1.48 लाख रुपए पर था। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख



रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 34 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए तक पहुंच गई थी।

यह चांदी के अब तक की सबसे ज्यादा दाम थे। तब से अब तक 165 दिन में चांदी 1.69 लाख रुपए सस्ती हो गई है। मजबूत अमेरिकी डॉलरः फेडरल रिजर्व के संकेतों के बाद वैश्विक बाजार में अमेरिकी डॉलर इंडेक्स मजबूत हुआ है। आमतौर पर जब डॉलर मजबूत होता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतें गिरती हैं। मुनाफावसूलीः पिछले कुछ समय पहले सोने और चांदी की कीमतें अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी थीं।

### सोने-चांदी के दाम में गिरावट की वजह

- **मजबूत अमेरिकी डॉलरः** फेडरल रिजर्व के संकेतों के बाद वैश्विक बाजार में अमेरिकी डॉलर इंडेक्स मजबूत हुआ है। आमतौर पर जब डॉलर मजबूत होता है, तो अंतर-राष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतें गिरती हैं।
- **मुनाफावसूलीः** पिछले कुछ समय पहले सोने और चांदी की कीमतें अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी थीं। दामों में इतनी बड़ी तेजी आने के बाद बड़े निवेशकों और ट्रेडर्स ने मुनाफावसूली की, जिससे कीमतों में गिरावट आई है।

दामों में इतनी बड़ी तेजी आने के बाद बड़े निवेशकों और ट्रेडर्स ने मुनाफावसूली की, जिससे कीमतों में गिरावट आई है।

कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोने-चांदी के दाम अपने हाई से काफी नीचे आ चुके हैं। ऐसे में निवेशक इसमें निवेश कर सकते हैं, हालांकि इनमें एकमुश्त निवेश करने से बचना चाहिए। अजय केडिया के अनुसार साल के आखिर तक सोना एक बार फिर 1.60 लाख और चांदी 2.80 लाख रुपए तक जा सकती है।

### असली चांदी की पहचान करने के 4 तरीके

- **मैग्नेट टेस्टः असली सिल्वर चुंबक से नहीं चिपकती। अगर चिपक जाए तो फेक है।**
- **आइस टेस्टः सिल्वर पर बर्फ रखें। असली सिल्वर पर बर्फ तेजी से पिघलती है।**
- **स्मेल टेस्टः असली सिल्वर में गंध नहीं होती। फेक में कॉपर जैसी गंध आती है।**
- **क्लॉथ टेस्टः चांदी को सफेद कपड़े से रगड़ें। अगर काला निशान आए तो असली है।**

तमसा संकेत
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं। मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676